




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 13, अंक 238 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, मंगलवार 18 जून 2024 www.samaydarshan.in


## सार समाचार

### पूर्व मुख्य मंत्री जीतन राम मांझी बोले - संविधान और आरक्षण पर कोई खतरा नहीं

**पटना।** पूर्व मुख्य मंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की राजद को गलती से भरमा के वोट मिल गया कोई उनको नही चाहता है। सच्चाई यह है की न आरक्षण पर खतरा है न संविधान पर खतरा है। रोजगार हमारे मंत्रालय में करोड़ों है अभी हम विभाग को समझ रहे हैं। सभी के समीक्षा करेंगे लालू यादव के उस बयान को मांझी ने खारिज कर दिया जिसमे कहा था की 80त्नसंपत्ति फॉरवर्ड के पास है। मांझी ने कहा की ये जो अब कह रहे हैं ये उस समय कहा थे जब सरकार में थे। जीतन राम मांझी ने कहा कि जब से सरकार बनी है लोगों को लगातार दिखाई दे रहा है कि पीएम मोदी के हाथों देश लगातार नए कीर्तीमान स्थापित कर रहा है।

### पुणे में सूखे की समस्या के समाधान के लिए शरद पवार का सीएम शिंदे से बैठक बुलाने का आग्रह

**मुंबई।** एनसीपी (सपा) प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पुणे जिले में सूखे से निपटने के लिए स्थायी उपायों पर चर्चा करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। शरद पवार ने 12 और 13 जून को पुरंदरे, इंदापुर, बारामती और दौंड तालुका के सूखा प्रभावित गांवों का दौरा किया और कहा कि ग्रामीणों ने सिंचाई योजनाओं से संबंधित कई मुद्दों को उनके संज्ञान में लाया है।

### गुड्स ट्रेन के ड्राइवर की गलती नहीं थी, सिग्नल पहले से ही खराब था

# दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी, 15 की मौत:60 घायल



**दार्जिलिंग( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। न्यूज एजेंसी ने हादसे में 15 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की जानकारी दी है।

रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और ष्टश्वह्र जय वर्मा ने 5 लोगों की मौत और 25 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, ईस्टर्न रेलवे के CPRO कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है।

न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने मालगाड़ी के ड्राइवर को जारी किए दस्तावेज TA 912 में उसे सभी रेड सिग्नल पार करने की मंजूरी थी।

इससे पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा के मुताबिक, मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। जिसके कारण वह कंजनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और **NDRF** की टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है।

कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक SLR कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12:40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है।

रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल में रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट जंक्शन के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सुबह 8:27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और सुबह 5:50 बजे सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के कारण रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट के बीच रुकी रही।

जब सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आती है तो स्टेशन मास्टर टीए 912 रिटन अथॉरिटी जारी करता है। यह ड्राइवर को खराबी के कारण सभी रेड सिग्नल पार करने का अधिकार देता है।रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को टीए 912 जारी किया था। ट्रेन 10 मिनट से यहां रुकी रही। 8:42 बजे रंगापानी से निकली मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ गई।

सूत्रों के मुताबिक, केवल जांच से ही पता चल सकता है कि क्या मालगाड़ी को खराब सिग्नल को तेज गति से पार करने के लिए टीए 912 भी दिया गया था या यह लोको पायलट की गलती थी, जिसने डिफेक्टिव सिग्नल नॉर्म का उल्लंघन किया।

यदि दूसरी कंडीशन अप्लाई होती है तो रेलवे के नियम के मुताबिक, ड्राइवर को हर डिफेक्टिव सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन को रोकना चाहिए था। इतना ही नहीं, इस दौरान ट्रेन की स्पीड भी 10 किमी प्रति घंटे की होनी चाहिए थी।

हादसे के बाद फिलहाल कंचनजंगा एक्सप्रेस अलुआबारी स्टेशन पर है। यहां फिटनेस टेस्ट के बाद उसे सियालदह के लिए रवाना किया जाएगा। सारे पैसेंजर्स को 12:40 बजे स्पेशल ट्रेन से सियालदह के लिए रवाना किया जा चुका है।

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।

# बिहार में पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून की तैयारी

### विधानसभा सत्र में आएगा प्रस्ताव




**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय के तहत अगले साल तक प्रदेश में 5 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सुशासन के कार्यक्रम 2020-25 के तहत 15 दिसंबर 2020 से लागू सात निश्चय-2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, सचिव सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर अगले एक वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति के लिए बची हुई नौकरी एवं रोजगार देने के काम को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।बताया जाता है कि अब तक 5.16 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अगले तीन महीने के अंदर नियुक्ति पत्र वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नियुक्ति करने वाले विभिन्न आयोगों को 2.11 लाख नई नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अगले एक महीने में 2.34 लाख रिक्तियों की अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जाएगी। आगामी वर्ष में नियुक्ति के लिए 72 हजार और रिक्तियां होने का अनुमान है, जिसकी अधियाचना अगले वर्ष भेजी जाएगी। सात निश्चय- 2 के अंतर्गत 5.16 लाख नियुक्तियां की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख नियुक्ति पत्र वितरण के लिए तैयार हैं। साथ ही 5.17 लाख रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। इस तरह कुल 12 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य वर्ष 2024-25 तक रखा गया है। सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसे पार करते हुए अगले वर्ष तक 12 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस अभियान के तहत 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक 22 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जा चुके हैं और आने वाले एक वर्ष में 11 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

# दिल्लीवालों का जीवन आपके हाथ, पानी को लेकर जल मंत्री ने हरियाणा के सामने जोड़े हाथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पानी की किल्लत ने दिल्ली वालों का जीना मुहाल कर दिया है। वहीं अब दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार के सामने हाथ तक जोड़ दिए है। आतिशी ने हाथ जोड़ कर हरियाणा सरकार से कहा है कि दिल्ली वालों की जीवन अब आपके हाथ में हैं।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा, 'वजीराबाद बैराज से कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी भेजा जाता है। लेकिन वजीराबाद बैराज में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है जिसकी वजह से नदी का तल नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ हरियाणा सरकार से आग्रह कर सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों की समस्याओं का निदान करें। अब तक हरियाणा ने यमुना में पानी नहीं छोड़ा है। दिल्ली में पानी की किल्लत जारी है। मुनक कैनाल को काफी कम मात्रा में पानी मिल रहा है, वजीराबाद बैराज को पानी नहीं मिल रहा है। मैं सिर्फ हाथ जोड़ कर हरियाणा सरकार से अपील कर सकता हूं कि दिल्ली के लोगों की जिंदगी आपके हाथ में है।'दिल्ली में भारी जल संकट के बीच आतिशी ने वजीराबाद बैराज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। ग्राउंड जीरो पर पहुंचीं आतिशी ने बैराज में पानी नहीं छोड़े जाने पर नाखुशी जताई है।

# रेणुकास्वामी हत्या कांड : कर्नाटक पुलिस ने सभी 17 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कर्नाटक पुलिस ने रेणुकास्वामी हत्या कांड में कन्नड़ सुपर स्टार दर्शन सहित सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी (वेस्ट) एस. गिरीश ने सोमवार को कहा कि हत्या के बाद से ही लापता नवें आरोपी राजू उर्फ धनराज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने 33 वर्षीय फैन की हत्या की बात सामने आने के एक दिन बाद ही दर्शन सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

सूत्रों के अनुसार, राजू ने पुलिस को बताया है कि उसका दर्शन से सीधे-सीधे कोई लेना-देना नहीं है। वह पांचवें आरोपी नंदीश का दोस्त है जो दर्शन का बहुत बड़ा फैन है।

नंदीश ने राजू से वह इलेक्ट्रिक डिवाइस लिया था जिसका इस्तेमाल रेणुकास्वामी को बिजली के झटके देने के लिए किया गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी।

राजू और नंदीश दोनों केबल का बिजनेस करते थे। रेणुकास्वामी को मेगर नाम के इलेक्ट्रिक टेस्ट इक्विपमेंट से बिजली के झटके दिये गये थे, जिसका इस्तेमाल आम तौर पर इंसुलेशन के रेजिस्टेंस को मापने में किया जाता है।

इस बीच, वीरशैव-लिंगायत समुदाय के गुरु रंभापुरी स्वामी जी ने रेणुकास्वामी के घर जाकर उसके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

धर्म गुरु ने कहा, रेणुकास्वामी की हत्या अमानवीय है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सी पार्टी सत्ता में है, उन्हें कठोर कदम उठाने चाहिए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देनी चाहिए। इस नृशंस हत्या से समाज की सिर शर्म से झुक गया है।

# बिहार समेत 22 राज्यों में बारिश का अनुमान, मध्य प्रदेश में तूफान का ऑरेंज अलर्ट

### यूपी में गर्मी से 24 घंटे में 52 मौतें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मौसम विभाग ने मंगलवार को 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां 20 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। इधर बिहार, झारखंड, ओडिशा, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश की संभावना है। हालांकि यहां हीटवेव का भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। 24 घंटे में 6 जिलों- आगरा, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, वाराणसी और अमेठी में 52 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 22 मौतें वाराणसी में हुईं। यहां रामनगर में



सोमवार सुबह एक पिकअप ड्राइवर की ड्राइविंग सीट पर बैठे-बैठे मौत हो गई। 4 ट्रक ड्राइवरों के शव उनकी गाड़ियों में मिले। हालांकि, प्रशासन ने अभी मौत की वजह नहीं बताई।

मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश में प्री मानसून एक्टिविटी के चलते अगले 5 दिन बारिश का दौर रहेगा। यहां तूफन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल में सोमवार सुबह तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। यहां 19-20 जून तक मानसून पहुंच सकता है।

### बारिश के बावजूद तापमान में गिरावट नहीं

मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश के दौर के बावजूद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक तापमान में गिरावट नहीं होगी, लेकिन उसके बाद टेम्परेचर 2-3 डिग्री नीचे आ सकता है।

रविवार को भी देश के कई राज्यों में बारिश हुई। गुजरात के द्वारका में सबसे ज्यादा 23 ष्टरूबारिश दर्ज की गई। इसके अलावा आईएमडी ने कहा कि नॉर्थ के दो राज्यों असम और मेघालय में सोमवार को 204 मिमी तक बारिश हो सकती है। नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों हफ्ते भर से तेज बारिश का दौर चल ही रहा है। सिक्किम के कुछ जिलों सहित कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी 204 मिमी बारिश दर्ज हो सकती है।

सोमवार को प्रयागराज देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश में 2 दिन तक सीवियर हीटवेव का अलर्ट है। बिहार में हीटवेव से 24 घंटे में 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, पंजाब, दिल्ली, बिहार और झारखंड में सीवियर हीटवेव की चेतावनी है।

जम्मू, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में लू चलने की आशंका है।

ओडिशा में 20 जून तक उमस भरी गर्मी रहेगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हीटवेव रहेगी। अमूमन गुजरात में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक देता है, लेकिन इस बार 11 जून को ही गुजरात के नवसारी में मानसून वाली बारिश हुई। अहमदाबाद मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव ने कहा कि साउथ-वेस्ट डिस्टरबेंस के चलते मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। यह 20 जून तक अहमदाबाद और सौराष्ट्र के कुछ इलाकों सहित अन्य हिस्सों में आगे बढ़ता है। 25 जून तक सौराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों को कवर करता है। 30 जून तक पूरे गुजरात को कवर करता है। ढ्ढष्टरू के मुताबिक अगले 5 दिन में गुजरात के कई जिलों में आंधी चल सकती है। वलसाड, दमन, दादरा और नगर हवेली में 19 जून को भारी बारिश होने की संभावना है।

# मशीनों की पारदर्शिता सुनिश्चित करे चुनाव आयोग : राहुल गांधी

### ईवीएम पर आंकड़ा जारी करे चुनाव आयोग : गौरव गोगोई

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने चुनाव आयोग से ईवीएम और प्रक्रियाओं की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने या उन्हें समाप्त करने की मांग की। विपक्ष के नेता की यह बाद उस आरोप के एक दिन बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि ईवीएम एक ऐसा 'ब्लैक बॉक्स' है और किसी को भी उसकी जांच करने की अनुमति नहीं है।



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जब लोकतांत्रिक संस्थानों पर कब्जा कर लिया जाता है तो एकमात्र सुरक्षा चुनावी प्रक्रिया में निहित होती है, जो जनता के लिए पारदर्शी होती है। उन्होंने कहा कि ईवीएम अभी ब्लैक बॉक्स है। चुनाव आयोग को या तो मशीनों और प्रक्रियाओं की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए या उन्हें समाप्त कर देना चाहिए।

पार्टी के एक अन्य नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इवीएम को अचूक मानने से पहले चुनाव आयोग को यह आंकड़ा देना चाहिए कि पूरे चुनाव के दौरान कितनी ईवीएम खराब पाई गई। उन्होंने कहा, कितनी मशीनों ने गलत समय, तारीख वोट दर्ज किया है? कितने ईवीएम के घटकों (कंपोनेंट्स) काउंटिंग यूनिट, बैलेट यूनिट को बदला गया? मॉक मतदान के दौरान कितनी ईवीएम खराब पाई गईं? गोगोई ने एक्स पर यह भी कहा, चुनाव लड़ने के बाद मैं भरोसे से कह सकता हूं कि इन मशीनों ने गलत परिणाम दिखाए हैं। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग आंकड़ों को सामने रखेगा, क्योंकि जनता को जानने का अधिकार है।

### विपक्षी नेताओं ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से लगाया था आरोप

राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट पर शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार को चार जून को मतगणना के दौरा ईवीएम से कनेक्टेड मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पाया गया था।

### निर्वाचन अधिकारी ने खारिज की रिपोर्ट

हालांकि, निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने रिपोर्ट को फर्जी बताकर खारिज किया और कहा कि समाचार पत्र के प्रकाशक को मानहानि का नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईवीएम एक स्टैंड अलोन प्रणाली है। इसे रीप्रोग्राम नहीं किया जा सकता है और इसमें वायरलेस कनेक्टिविटी की क्षमता नहीं है।

# भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, बेड़े में शामिल होंगी आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना स्पेन में 'प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)' के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निर्माता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।



नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना कार्टाजेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरुआत करेगी। रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी। आगे बताया गया कि भारतीय नौसेना एआईपी तकनीक से सुसज्जित छह पनडुब्बियों का अधिग्रहण करेगी। इस तकनीक की मदद से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं। भारतीय नौसेना के पास इससे पहले एआईपी सिस्टम वाली पनडुब्बियां नहीं थीं। करीब 60 हजार करोड़ की इस परियोजना में एल एंड टी और नवंतिया के साथ जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड भी शामिल हैं। नवंतिया ने भारतीय नौसेना की परियोजना के लिए एस-80 पनडुब्बी के डिजायन की पेशकश की है। इनमें से एक पनडुब्बी वर्ष 2024 में स्पेनिश नौसेना में शामिल हो चुकी है। नवंतिया ने दावा किया कि स्80 की खास बात यह है कि यह बिना किसी पुनर्निमाण की आवश्यकता के पी75(आई) की तकनीक आवश्यकताओं को आसानी से पूरा करती है।

# स्वास्थ्य विभाग एवं परिवार कल्याण विभाग के नेतृत्व में जून माह को आयोजित किया जा रहा मलेरिया जागरूकता माह के रूप में




**पाटन ( समय दर्शन )।** जून माह को मलेरिया जागरूकता माह के रूप में चिन्हित करने के क्रम में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण विभाग जिला दुर्ग में एक व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में राजस्व विभाग,शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही बीईटीओ, सुपरवाइज़र, सीएचओ, आरएचओ और मितानिनों का भी इसमें अहम योगदान है।

स्वास्थ्य विभाग एवं परिवार कल्याण विभाग मलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम से बचाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है:

मलेरिया के साथ साथ डेंगू नियन्त्रण हेतु फाइट द बाइट अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

-मच्छरों के नियंत्रण के उपायों को बढ़ावा देना, जिसमें घरों के आसपास जल जमाव को रोकना और मच्छरदानी का वितरण और उनका सही उपयोग शामिल है। -ब्रेडिंग स्थल सर्वेक्षण करना ताकि मच्छरों के पनपने के स्थानों की पहचान की जा सके और उनका सफाया किया जा सके।

-मलेरिया के लक्षणों और रोकथाम के तरीकों के बारे में समुदाय को शिक्षित करने के लिए रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।

-शीघ्र निदान और उपचार के लिए सुलभ रक्त परीक्षण सेवाएं प्रदान करना।

जून के दौरान आयोजित किए जाने वाले कुछ विशिष्ट कार्यक्रमों में शामिल हैं :-

✔ स्कूलों में मच्छर जनित रोगों पर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम।

✔ पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान और मच्छरदानी वितरण शिविर, जिसमें पंचायती राज विभाग का सहयोग प्राप्त होगा।

✔ गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष जागरूकता सत्र, जिनका आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर किया जाएगा।

✔ जल जमाव को रोकने और साफ-सफाई को बढ़ावा देने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय में कार्यक्रम।


✔ रैलियां, सामुदायिक बैठकें और मीडिया अभियान।

डॉ आशीष शर्मा बीएमओ पाटन ने अपील की है कि हम समुदाय से इस जून माह में मलेरिया के विरुद्ध लड़ने में हमारा समर्थन करने के लिए सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

प्रभारी बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शहरी कॉलोनी में निवासरत रहवासियों से मच्छर नियन्त्रण हेतु नगरीय प्रशासन विभाग का सहयोग करने प्रेरित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की मलेरिया नियन्त्रण गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क अपने नजदीक के मितानिन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर सकते हैं।

# पूर्व बीएसपी कर्मचारी के बेटे पलाश श्रीवास्तव ने बनाया लोकप्रिय शो पंचायत की खूबसूरत थीम का 'गीतात्मक संस्करण' सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल




**भिलाई ( समय दर्शन )।** अपने रोचक संवादों और ग्रामीण परिवेश में फिल्मांकित पंचायत वेब सीरीज ने सभी से खूब लोकप्रियता बटोरी और अब इसके तीसरे सीजन ने भी सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इससे जुड़े इंटरनेट में कई स्पूफ मीम्स और वीडियो वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे कई पोस्ट के बीच, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मचारी राकेश श्रीवास्तव के बेटे पलाश श्रीवास्तव का एक वीडियो आया, जिसमें उन्होंने प्रतिष्ठित पंचायत वेब सीरीज के थीम म्यूजिक में अपने खुद के बोल जोड़े हैं, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। प्रधान जी की लौकी और प्रहलाद चा की ज्ञान की बातों से लेकर विकास की मासूमियत भरी नोकझोंक, सचिव जी और रिंकी की मनमोहक कहानी तक, किरदारों ने प्रशंसकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। पलाश श्रीवास्तव ने अपने गीत के माध्यम से इस वेब सीरीज के प्रमुख पात्रों के सार को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं और उनके व्यक्तित्व को अपने शब्दों के माध्यम से जीवंत कर, प्रमुख पात्रों के व्यक्तित्व और उनके लक्षणों पर प्रकाश डालते हैं।

इनके गीतात्मक संस्करण के ये बोल सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रहा है। गाने के बोल हैं, इस गांव का नाम है फुलेरा, हैं यहां प्रधान और प्रह्लाद चा। सचिव जी हैं हमारे नायक, इनकी आँखों में हैं सपने। विकास उनके हैं सहायक, मंजू देवी भी प्रधान, सचिव जी ने सिखाया पूरा राष्ट्रगान। बनराकाश है और विनोद भी, जिनके कारण होती नोकझोंक भी। पूरब है पश्चिम है, सर चढ़ा विधायक है, रिंकीया टंकी पे चढ़ी। लौकी है, नौटंकी है गजब बेज्जती भी। 2015 में सेवानिवृत्त हुए पलाश के पिता, श्री राकेश श्रीवास्तव भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक विभाग में सहायक महाप्रबंधक थे तथा वे पूर्व में भिलाई स्टील वर्कर्स यूनियन के सचिव भी थे। पलाश की माता, श्रीमती मधु रायपुर के गर्ल्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं।

## त्रिशूल स्थापना पश्चात निर्वाचन मे बसना निवासी जर्नलिस्ट्स दीपक जगत छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के जिलाध्यक्ष मनोनित

**बसना( समय दर्शन )।** गोंडीधर्म संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के संयुक्त तत्वावधान मे ग्राम मुड़पहार में गोंड समाज द्वारा त्रिशूल स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गोंडीयन विधि-विधान से प्रकृति शक्ति पंच बूढ़ादेव की पुजा पाठ कर महाआरती की गई। ज्ञात हो कि 12 वर्ष पूर्व गोडवाना गुरूदादा दुर्गे भगत सिदार के परम सानिध्य में महापूजन व साजा पेड़ का लाट व त्रिशूल स्थापना हुआ था । उसी परम शक्ति को याद करते हुए प्रति वर्ष यह उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात बैठक कर समिति के जिलास्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय पदाधिकारीयों का भी निर्वाचन किया गया। जिसमें गोंडीधर्म संरक्षण समिति के जिला संरक्षक सुदर्शन सिंह ठाकुर,अध्यक्ष प्रेम सिंह पोर्ते ,सचिव भारतिको ,उपाध्यक्ष विश्वनाथ हीरा मनोनित हुए एवं सरायपाली अध्यक्ष बलदेव ओटी,उपाध्यक्ष दीनबंधू नाग,सचिव विजय सिंह नेताम व बसना से ब्लाक अध्यक्ष निमंकर जगत,सचिव श्रवण पोर्ते ,को चुना गया। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला ईकाई महासमुन्द के अध्यक्ष पद हेतु जर्नलिस्ट्स दीपक जगत को उनके सामाजिक कार्यो के सकारात्मक कार्य शैली से प्रभावित होकर पुनः सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया । उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जगत,सचिव देवीसिंह मांझी ,संरक्षक गोकुल पारेश्वर तथा ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली से गुलाब किशोर हीरा सचिव पिताम्बर हीरा तथा ब्लाक बसना से शिवलाल बाघ,सचिव राजेन्द्र सिंह सिदार को चुना गया । इस बैठक के दौरान सभी पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथी सुदर्शन सिंह ठाकुर ने बधाई दी और समाज तथा संघ समिति को मजबूत कर आगे ले जाने की कही उन्होंने कहा की गुरूदादा के बताये उद्देश्य को गांव गांव जाकर समाज में बताना है ।

# स्कूल प्रारंभ होने से पहले 52 स्कूल बसों की चेकिंग, 4 बस पाये गये अनफिट



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** अपर परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग के संयुक्त टीम द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा हेतु जिला-राजनांदगांव के विभिन्न स्कूलों नीरज पब्लिक स्कूल बल्देव बाग, नीरज इंटरनेशनल स्कूल बोरी, संस्कार सिटी, रायल किड्स कॉन्वेंट, वेसलियन स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल, सेंट पैलोटी स्कूल डोगरगढ़ के 52 स्कूली बसों का जनरल चेकिंग किया गया, जिसमें 4 बसों में परमिट फर्स्ट एड बॉक्स, वैद्य लायसेंस खामी पाये जाने से कार्यवाही कर 6600 रूपये ऑनलाईन ई-चालान कार्यवाही किया गया। साथ ही उपरोक्त खामी पूर्ति कर पुनः वाहन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा बस चालकों को अग्निशमन उपयोग के संबंध में डेमो दिया गया। साथ ही मेडिकल टीम द्वारा सभी स्कूल बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया।

# सिरको मे 16 व 17 जून को अष्टप्रहरी नामयज्ञ संकीर्तन सम्पन्न



**बसना( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्रान्तर्गत के अनेक ग्रामों में इस समय भक्ति ,ज्ञानऔर श्रद्धा का मनोरम वातावरण देखा जा सकता है । बसना के शहरी क्षेत्र से लेकर दूर दूरांचल व वनांचल क्षेत्रों में भी ग्राम्य जीवन भक्ति के रंग मे रचा बसा है।

इस तारतम्य में ग्राम सिरको डीपापारा मे 16 जून एवं 17 जून को दो दिवसीय अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन का भक्ति मय आयोजन रखा गया था ।

कलश स्थापना एवं नाम उच्चारण शुभ मुहूर्त में दिनांक 16 जून 2024 दिन-रविवार को कियागया , तथा यज्ञ पूर्णाहुति,बैठकी व महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम दिनांक-17जून दिन सोमवार 2024 दिन सोमवार को सम्पन्न हुआ । समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से इस भक्तिमय कार्यक्रम का सफलतम आयोजन सम्पन्न हुआ ।

ग्राम प्रमुख वआयोजक बंधुओं ने बताया कि, इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने आकर्षक साज सज्जा के साथ डीजे,लाईट से अनुपम सौन्दर्यता प्रदान करने सजाया गया था।

इस दौरान आमंत्रित कीर्तन मण्डली पण्डरीपानी (छ ग), कीर्तन मण्डली धरमपुर (छ ग), कीर्तन मण्डली छान्दनपुर (छ ग), कीर्तन मण्डली रेमड़ा (छ ग) के आमंत्रित दल के साथ आयोजक कीर्तन मण्डली सिरको इस कार्यक्रम में प्रभु भक्ति का गायन वादनकर मधुरिमा क्षमा बिखेरते हुए ग्रामीण वातावरण को भक्ति मय कर दिये। इस परम पुनित हरि संकीर्तन एवं अष्टप्रहरी नाम महायज्ञ मे सैकड़ो क्षेत्र वासियों ने पधारकर भक्ति सरोवर मे डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# निगम का टैक्स वसूली,सहायक राजस्व अधिकारी हुए अलर्ट,घरों-घर सर्वे,बड़े बकायादारो को होगा जल्द नोटिस जारी

### सभी वार्ड एआरआई को दो-दो लाख प्रतिदिन वसूली का टारगेट,बड़े बकायादारो से करें संपर्क




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम अपनी माली हालत सुधारने के लिए अधिक से अधिक राजस्व वसूलने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। इसको पूरा करने अधिकारियों की टीम गठित की गई है ।नगर निगम की तरफसे राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे सहायक राजस्व निरीक्षकों को लगाकर संपत्तिकर के साथ यूजर चार्ज वसूलने की तैयारी की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अफसरों से साफशब्दों में कहा है कि हर हाल में अधिक से अधिक राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करना है ।आज बकरी ईद के अवसर पर नगर निगम राजस्व विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा तकिया पारा और केलाबाड़ी क्षेत्रो में जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोगो के घरों में जाकर पुराना टैक्स बकाया की जानकारी दी गई ।उन्होंने जनाकारी में बताया कि तकिया पारा में पिछला बकाया लगभग 1.5 करोड़ और केलाबाड़ी में पिछला बकाया लगभग 1.00 करोड़ है।

साथ मे इस वित्तीय वर्ष का 30 जून 2024 से पहले भुगतान की स्थिति में 6त्न छूट की जानकारी दी गई ।संपत्ति कर का भुगतान करने नागरिकों से सम्पर्क किया जा रहा है ।आज छुट्टी के दिन भी राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा सभी वार्ड के राजस्व विभाग कार्यलय का निरीक्षण कर सहायक राजस्व निरीक्षकों प्रतिदिन दो- दो लाख वसूली करने का सख्त टारगेट करने की बात कही। साथ ही बड़े बकायादारों से संपर्क करने कहा गया है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर कहा पुराना बकाया का वसूली प्राथमिकता से करना है ।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बकाया संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज की वसूली कड़ाई से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ।नगर निगम सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के दिशा निर्देश पर नगर निगम की आर्थिक हालत को सुधारने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्काउट गाइड संघ बसना निर्वाचन की अधिसूचना जारी

**बसना( समय दर्शन )।** भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ बसना की आवश्यक बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में रखी गई, जिसमें उपस्थित परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिए गए.. जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ महासमुंद का बैठक दिनांक 8 मई 2024 को लिए गए निर्णय अनुसार दिनांक 18 जून 2024 से दिनांक 8 जुलाई 2024 संध्या 5:00 बजे तक सदस्यता अभियान 20 दिन का रहेगा। जिसमें प्रति व्यक्ति आजीवन सदस्य सदस्यता शुल्क ?1500 एवं सामान्य सदस्य सदस्यता शुल्क 1000 निर्धारित किए गए हैं ।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए 2100 प्रति उम्मीदवार नामांकन शुल्क देय होगा जो वापस योग्य नहीं होगा। दिनांक 10 जुलाई 2024 को सदस्यता सूची का प्राथमिक प्रकाशन होगा। दिनांक 13 से 15 जुलाई 2024 की संध्या 5:00बजे तक दावा आपत्ति का समय रहेगा। दिनांक- 16से 19 जुलाई की संध्या 5:00 तक दावा आपत्ति पश्चात मतदाता सूची का पुनःप्रकाशन होगा। तत्पश्चात दिनांक- 20 से 22 जुलाई की संध्या 5:00 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के नामांकन का समय सीमा निर्धारित रहेगा । जिसमे एक अध्यक्ष, अधिकतम 6 उपाध्यक्ष, तीन पुरुष एवं तीन महिला होंगे। दिनांक- 23 से 24 जुलाई की संध्या 5:00 बजे तक नामांकन की जांच व वैध नामांकन पत्रों का निरीक्षण। दिनांक -25जुलाई की संध्या 5:00 बजे तक नाम वापसी। दिनांक- 26जुलाई संध्या 5:00 बजे तक नामांकन सूची का अंतिम प्रकाशन।

# संक्षिप्त समाचार

## दो सगे भाइयों की ट्रेन से कटकर मौत जाँच मे जुटी पुलिस



**महासमुन्द( समय दर्शन )।** महासमुंद नहर पारा इमलीभाटा रेलवे लाइन में 2 लोगो का शव मिलेने से हडकंप मच गया । पुलिस घटना स्थल पर पहुंच चुकी है। घटना के कारण अभी तक अज्ञात है। बताया जा रहा कि,दोनों सगे भाई हैं। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। बहरहाल लाश का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अभी तक इस घटना को आत्महत्या करना बताया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। टिटलागढ़ पैसेंजर के सामने कूदकर जान देने की बात सामने आ रही है। दोनों सगे भाई है किस वजह से आत्महत्या की है, अभी तक पता नहीं चल पाया है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में 2 सगे भाईयों की ट्रेन से कटकर मौत हो जाने से क्षेत्र में अफरा तफरी कि माहौल है । यह हादसा है या सुसाइड अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं सगे भाइयों की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार दोनों भाई रविवार की रात बाहर से पार्टी करके घर आए थे। इसके बाद दोनों घूमने निकले थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पीएम को बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## केदारनाथ यात्रा के दौरान आक्सीजन की कमी से बागबाहरा के युवक हेमंत सोनवानी की मौत



**बागबाहरा( समय दर्शन )।** बागबाहरा के युवक का आक्सीजन की कमी से हुई केदारनाथ मे मौत। छाया विधायक श्रीमती अलका चंद्राकर के प्रयास से शव को शासकीय खर्च से बागबाहरा लाया जा रहा है।

बागबाहरा के फूलवारी पारा निवासी हेमंत सोनवानी पिता लक्खीराम राम सोनवानी अपने मित्रो के साथ केदारनाथ दर्शन हेतु गए हुए थे। उनके साथ गए उनके मित्रो के बताये अनुसार वह मंदिर के पास आक्सीजन की कमी के चलते दिनांक 16 जून 2024 को समय करीब संध्या 7.15 को उनकी मृत्यु हो गई।

जिसकी जानकारी खल्लारी की छाया विधायक श्रीमती अलका चंद्राकर को नरेन्द्र बग्गा व बाला चंद्राकर नंदू सोनी संजय मालवे एवं उनके साथियो से प्राप्त हुई। इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही श्रीमती अलका चंद्राकर ने तत्काल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मंत्री, गृहमंत्री, विधायक पुरिंदर मिश्रा से सम्पर्क कर शव को मंदिर से हेलीकाप्टर की व्यवस्था से नीचे उतरवाकर, रूद्र प्रयाग हॉस्पिटल पहुँचाये एवं शासन के खर्च से ही उनके शव को एम्बुलेंस सुविधा से बागबाहरा लाया जा रहा है। इस पूरे कार्य में महासमुंद कलेक्टर प्रभात मालिक की तत्परता ,संवेदनशीलता तारीफें काबिल रही । जिन्होंने मृत हेमंत के शव को बागबाहरा लाने हेतु हर संभव प्रशासनिक मदद किए।

## विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदाता क्रांति समूह के रक्तदानियों ने किया रक्तदान



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर में रक्तदाता क्रांति समूह के सक्रिय रक्तदाताओं द्वारा विभिन्न जगह जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया गया जहाँ जिला चिकित्सालय जांजगीर में केशव कश्यप, कासिम ने, आयुष्मान ब्लड बैंक चांपा में हरप्रसाद पटेल, जितेश साहू ने एवं धरम ब्लड चांपा में तुलेश्वर, उमाशंकर, संजय राठौर, दुर्गेश राठौर, देवीलाल सहित कुल 15 रक्तदानियो ने रक्तदान किया। 15 यूनिट रक्त को सिक्लिंग व थैलीसीमिया मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जावेगी। विगत 9 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली संस्था निरंतर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मुहैया करा रही है संस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष 4/5 कैंप भी आयोजित किया जाता हैं जिससे लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा सकें एवं उनके मन में रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को दूर किया जा सकें। **सेवा को मिला सम्मान :** रक्तदाता क्रांति समूह द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए विश्व रक्तदान दिवस पर इस संस्था को हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के द्वारा ऑनलाइन रक्तदाता गौरव सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, संस्था को मिले इस सम्मान से सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त हैं।

## संभागीय आयुक्त कार्यालय आज से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के नवनिर्मित भवन में संचालित होगा

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दिनांक 29 अप्रैल 2014 से दुर्ग संभाग नव गठित होकर संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग संभाग प्रारंभ हुआ है। संभागीय आयुक्त कार्यालय हेतु भवन स्वीकृति एवं निर्माण नही होने से संभागीय आयुक्त कार्यालय हिन्दी भवन में संचालित हो रहा था। हिन्दी भवन दुर्ग 100 वर्ष से अधिक पुराना होने के कारण उसका स्लैब/छत टूटकर गिर रहा है एवं मिटिंग हॉल में सिलिंग खराब होने से फाल्स सिंलिंग टूटकर गिर गया है, जिसके कारण वहां संभागीय आयुक्त कार्यालय संचालित होने से दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई है। इसके अतिरिक्त यह भवन संभागीय आयुक्त कार्यालय हेतु पर्याप्त नहीं है एवं छोटा पड़ रहा है। न्यायालय कक्ष अधिवक्ताओं के लिए ही पर्याप्त नही है एवं पक्षकार न्यायालय कक्ष में पर्याप्त स्थान नही होने से न्यायालयीन कार्यवाही में भाग नहीं ले पा रहे है। छत्तीसगढ़ शासन के पत्र कमांक एफ4-3/2020/एक 6 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 26 अगस्त 2020 द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।

250 दिव्यांग जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान का आयोजन

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांग नव दंपत्तियों को दिए आशीर्वाद



**रायपुर (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामुहिक आदर्श विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दुर्ग के अग्रसेन भवन में समाजसेवी संस्था आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित इस सामुहिक आदर्श विवाह में सभी समाज के 250 दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के दिव्यांगजन शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य अतिथियों ने परिणय सूत्र में बंधे दिव्यांग नव दंपत्तियों को उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिए। समारोह में लोकसभा सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर और नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान का यह आयोजन पुण्य का कार्य है। संस्था लगातार जनकल्याण का कार्य कर रही है। चाहे वह लावारिश लाशों को सद्गति देने का कार्य हो, रक्तदान कार्य हो या दिव्यांगजनों का वैवाहिक कार्यक्रम हो। संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारी पुण्य के कार्य में सहभागी हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शारीरिक रूप से विकृत लोगों को पहले विकलांग के नाम से जाना जाता था, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मान-जनक नाम दिव्यांग दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर हर संभव सहयोग का प्रयास कर रही है। उन्होंने आदर्श विवाह में सम्मिलित होने पहुंचे हुए नवदम्पत्तियों के परिजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने करकमलों से आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान के विकास में उल्लेखनीय योगदान करने वालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान के संरक्षक सांसद विजय बघेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह संस्था विगत 19 वर्ष से दिव्यांगजनों आदर्श विवाह करते आ रही हैं। अब तक 1890 दिव्यांग जोड़े का विवाह संपन्न करायी जा चुकी है। आज यहां पर लगभग 250 से अधिक जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह संस्था अब तक 1789 लावारिश लाशों को सद्गति प्रदान कर चुकी हैं। सांसद बघेल ने संस्था के कार्यों को विस्तारपूर्वक रेखांकित करते हुए संस्था से जुड़े सभी लोगों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में आस्था संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश गेडाम और संयोजक प्रहलाद गुप्ता तथा विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष रामफल शर्मा और संयोजक सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं नागरिक तथा दिव्यांगजनों के परिजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

राजनांदगांव, कोरबा, जशपुर, सूरजपुर, सरगुजा जिलों से आए युवक-युवतियों ने संस्था द्वारा कराए जा रहे आदर्श सामुहिक विवाह को सराहा। विवाह करने आए नवदम्पत्तियों ने बताया कि घर की आर्थिक स्थित कमजोर होने के कारण विवाह में होने वाले खर्चे को वहन करने में परिवार वाले सक्षम नही थे। नि:शुल्क सामूहिक आदर्श विवाह में हम बेटियों की शादी होने से घर वालों की चिंता अब दूर हो गई। उन्होंने इस विवाह के लिए राज्य सरकार और संस्था को धन्यवाद दिया। सामुहिक विवाह में युवतियों को संस्था द्वारा गृहस्थी का सामान थाली, चम्मच, गिलास, पानी टंकी, लोटा, कटोरी उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही मंगलसूत्र, पायल, बिछिया, साड़ी उपहार के रूप में दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद

**रायपुर (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा है कि यह पर्व ईश्वर के प्रति समर्पण, त्याग एवं बलिदान को प्रेरित करता है। इससे ईश्वर के प्रति आस्था और समाज में प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा एवं एकजुटता की भावना बढ़ती है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से परस्पर सद्भाव, एकता व भाईचारे की गौरवशाली परंपरा के अनुसार पर्व मनाने की अपील की है।

### राज्यपाल ने दी ईद-उल-जुहा की बधाई

**रायपुर (समय दर्शन)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि ईद-उल-जुहा का त्यौहार हमें बलिदानी-संस्कारवान बनने और मानव उत्थान के लिए समर्पण की सीख देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की है।

### दिगम्बर जैन मंदिर में संत भवन निर्माण के लिए वासुपुज्य विधान का आयोजन



**रायपुर (समय दर्शन)।** वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर डी .डी.नगर में 16 जून को सुबह 8 बजे श्री वासुपुज्य विधान का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेश सिंघई ने बताया की आचार्य के आशीर्वाद से डी डी नगर में संत भवन बनवाने हेतु स्थल का मार्ग प्रशस्त हो जाने के उपलक्ष्य में, ब्रह्मचारी अरुण भैया व ब्रह्मचारी अंकित भैया के निर्देशन में वासुपूज्य विधान का आयोजन किया गया था। सर्वप्रथम वासुपुज्य भगवान का अभिषेक किया गया। प्रथम अभिषेक प्रमुख इन्द्र द्वारा किया गया जिसमे दीपक जैन दर्शील जैन, अभिषेक रैना जैन, आशीष श्रद्धा जैन ने प्रथम अभिषेक किया। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य प्रवीण संघी एवं छक्की लाल कस्तूरचंद परिवार को मिला। तत्पश्चात वासुपुज्य विधान आरंभ किया गया। आज के विधान में अष्ट द्रव्य से निर्मित कुल 72 अर्घ्य चढ़ाए गए। अंत में ? ह्रीं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा मंत्र उच्चारण से अंतिम अर्घ्य चढ़ा कर विसर्जन किया गया। वासुपुज्य भगवान के जयकारों से पूरा जिनालय गुंजायमान हो गया। विधान का संगीतमय मंच का संचालन राजेश रज्जन जैन द्वारा किया गया। संत भवन निर्माण के लिए अभिषेक मीनाक्षी जैन द्वारा एक स्तंभ लिया गया तथा संजय नायक जैन,अनिल कुमार संजय कुमार जैन मोहबा बाजार आदि ने भी निर्माण हेतु अपनी चंचला लक्ष्मी का उपयोग कर विशेष सहयोग प्रदान किया। आज के वात्सल्य भोज के पुण्यार्जक अनिल कुमार संजय कुमार जैन मोहबा बाजार रहे। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के सभी मंदिरों के प्रमुखों के साथ धर्म प्रेमी बंधु एवं आदिश्वर महिला मंडल, डी डी नगर मंदिर रायपुर के सदस्य विधान में सपरिवार शामिल होकर धर्म लेकर पुण्यार्जन प्राप्त किया।

### श्रम मंत्री देवांगन 18-19 को लेंगे विभागीय समीक्षा बैठक

**रायपुर (समय दर्शन)।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 18 जून को सुबह 11 बजे नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में विभीय समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें सचिव छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, प्रभारी अधिकारी, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल नवा रायपुर, कल्याण आयुक्त छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल एवं संचालक संचालनालय राज्य कर्मचारी बीमा सेवायें, नवा रायपुर को उपस्थित रहने निर्देशित किया है। श्रम मंत्री देवांगन 19 जून का सुबह 11 बजे श्रम विभाग के मैदानी अधिकारियों जिसमें सभी जिलों के सहायक श्रमायुक्त एवं श्रम पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। यह बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय सेक्टर-24 में आयोजित होगी।

### महतारी वंदन योजना : जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा

**रायपुर (समय दर्शन)।** राज्य सरकार की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गई है। आज भी पुरुष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरुषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आज के दौर में भी कामकाजी महिलाओं के द्वारा अपने मेहनत से किए गए अनेक कार्यों का पैसा भी उनके पिता, पति, ससुर या उनके घर के मुखिया के पास जमा होता है। लेकिन राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह संबंधित महिला के खाते में सीधे जमा होने से यह राशि राज्य के महिलाओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है। पूरे प्रदेश की भाँति बालोद जिले में भी इस योजना का बेहतर प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि मिलने से जिले के ग्राम झलमला के वार्ड नंबर 08 की निवासी डिलेश्वरी के लिए आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। इस योजना के फ्लस्वरूप राशि मिलने से डिलेश्वरी अपने छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से पौष्टिक भोज्य पदार्थों की प्रबंध करने के अलावा जरूरत पड़ने पर ईलाज एवं साबुन, सोडा इत्यादि छोटी-मोटी जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। अब उन्हें अपने दैनिक आवश्यकताओं के लिए लगने वाली चीजों की पूर्ति तथा ईलाज आदि आवश्यक कार्यों के लिए अब किसी के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता नही पड़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना हमारे जैसे अनेक गरीब एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गई है। प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उसे इन चीजों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है।

## समर्थ राष्ट्र का निर्माण व्यक्तित्व निर्माण से ही संभव होगा : मोतीलाल साहू



### गायत्री जयंती, गंगा दशहरा पर्व पर व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के समापन

**रायपुर (समय दर्शन)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं गायत्री परिवार जिला रायपुर के संयोजन में गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर के आयोजन एवं ग्रामवासी कंदूल के सहयोग से 12 से 16 जून तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का समापन रविवार को गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के दिन यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिविर का शुभारंभ रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधि व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। विधायक साहू ने कहा कि शिविर के माध्यम से गायत्री परिवार द्वारा श्रेष्ठ समाज एवं सुनहरे राष्ट्र के निर्माण हेतु नई पीढ़ी के बच्चों को सुसंस्कृत, सभ्य व शालीन, चरित्रवान, उर्जावान, ज्ञानवान, बनाया जा रहा है, जो अभिनंनदीय एवं वंदनीय है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिया गया नारा हम बदलेंगे-युग बदलेगा मूर्त रुप ले रहा है। शिविर में बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि ,व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र ,स्वस्थ रहने के उपाय ,कर्म फल के सिद्धांत,, आदर्श दिनचर्या ,आदर्श समाज आदि विषयों पर गुण कर्म स्वभाव चरित्र चिंतन आदर्श युवा बनाने के लिए 5 दिन तक अनवरत प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम के पूर्व व्यसन मुक्ति हेतु भव्य रैली का आयोजन किया गया। सुबह-सुबह प्रभात फेरी जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ ।समापन के अवसर पर 44 बच्चों ने दीक्षा संस्कार, 6 बाल संस्कार केंद्र संचालित करने, 6 युवा मंडल गठन एवं 18 बच्चों ने मांसाहार का त्याग करने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार जिला समन्वयक लच्छू राम निषाद एवं शिविर आयोजक रामकृष्ण साहू ने बताया कि समापन के अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार एवं दीक्षा संपन्न हुआ। शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र धुरंधर पूर्व सरपंच, सी पी साहू उपजोंन समन्वयक, श्रीमती तिलेश्वरी धुरंधर पूर्व सरपंच, अश्वन लहरें सरपंच ,पुरुषोत्तम यादव सरपंच काठाडीह, प्रेम शंकर गोटिया, नारायण लाल साहू, एस एन राय बोधी राम निषाद, रजनी कोसे हीरालाल साहू, दिलीप निषाद, बेणीराम साहू हरिराम साहू ,कोमल देवांगन, राजू देवांगन, युवराज साहू, सीताराम साहू, कृष्ण कुमार साहू ,राम साहू, कृष्ण गजेंद्र, लेखराम साहू, संजीव यादव, गजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## पुलिस की रेड में 9 जुआरी गिरफ्तार, पौने 7 लाख बरामद...



**रायपुर (समय दर्शन)।** जुआ-सट्टा के खिलाफरायपुर पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में रायपुर पुलिस ने छापा मारकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सभी जुआरी ग्राम कोलर कल्पवृक्ष में जुआ खेल रहे थे। आरोपियों के कब्जे से 6,81,500 रुपये नकदी बरामद हुई है। मामला अभनपुर थाना का है। जानकारी के अनुसार 16 जून को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोलर कल्पवृक्ष में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर कर्ण कुमार उइके एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा और जुआ खेलते 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 6,81,500/-रू. ताशपत्ती एवं 9 नग मोबाईल जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 227/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) एवं सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1861 धारा 13 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपी

01. विनय जैन पिता अमर जैन उम्र 47 साल निवासी श्रीनगर गुढियारी थाना गुढियारी रायपुर।

02. रमेश आहुजा पिता दिनेश आहुजा उम्र 50 साल निवासी चरौदा रेलवे कालोनी थाना चरौदा।

03. प्रदीप कुमार जगपाल पिता अप्पु कुमार जगपाल उम्र 32 साल दलदल सिवनी मोवा रायपुर।

04. राज कुकरेजा पिता भजन लाल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्रिन आहुजा थाना मोवा रायपुर।

05. विक्की कुमार पंजवानी पिता प्रेमचंद पंजवानी उम्र 30 साल निवासी अवंति बिहार मोवा रायपुर।

06. राम मेहवानी पिता जसराज मेहवानी उम्र 30 निवासी वसुन्धरा नगर भिलाई-3 दुर्ग।

07. जनसन पिता तुलसी देवानी उम्र 48 निवासी मोवा रायपुर।

08. अत्कथ जाम्पा पिता ओमप्रकाश उम्र 30 साल निवासी मोवा रायपुर।

09. हरिश महेश्वरी पिता ईश्वरी महेश्वरी उम्र 33 साल निवासी स्टेशन चौक फुण्डर रायपुर।

कार्रवाई में निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह थाना प्रभारी अभनपुर, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से निरीक्षक परेश पाण्डेय, प्रभारी ए.सी.सी.यू., सउनि संतोष सिंह, प्र.आर. अनुप मिश्रा आर. महिपाल सिंह तथा थाना अभनपुर से उनि. सोमन लाल सिन्हा, धनश्याम सिन्हा, प्रआर दिलीप भतपहरी, आर. रामकृष्ण राठौर एवं हरिश चन्द्र कोसले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीएम साय के निर्देश पर आदिवासी क्षेत्रों में सिकलसेल जागरूकता शिविर 19 को



**रायपुर (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर विश्व सिकल सेल के दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सिलकलसेल रोग से पीड़ित राज्य के आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, विभागीय छात्रावास, आश्रमों तथा अन्य विद्यालयों में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों के आयोजन की भी तैयारियां की जा रही है। भारत सरकार की ओर से अधिकारीगण 19 जून को विश्व सिकलसेल दिवस पर देश के विभिन्न राज्यों में सिलकलसेल के प्रति जागरूकता और इस रोग से पीड़ित मरीजों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार की ओर से विश्व सिकलसेल दिवस 19 जून को देश के विभिन्न राज्यों में सिलकलसेल के प्रति जागरूकता और इस रोग से पीड़ित मरीजों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय के लोग सिकलसेल एनीमिया से ज्यादातर पीड़ित हैं। इन पीड़ित मरीजों के लिए आदिवासी क्षेत्रों बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से वर्चुअल रूप से 19 जून को ही जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी कलेक्टरों, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है। पोस्टर, बैनर एवं वीडियों आदि के माध्यम से इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। इन शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि को उपस्थित होने आग्रह किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी की अलग-अलग श्रेणियां की आवश्यक बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के नेतृत्व में संपन्न हुई

# प्रदेश प्रभारी ने ली भाजपा विधायक दल की बैठक, आगामी कार्य योजना पर हुई चर्चा



**रायपुर (समय दर्शन)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कोर कमेटी, भाजपा विधायक दल एवं सांसद दल की बैठक ली। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद एवं विधायकगण मौजूद रहे। बैठक के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की अलग-अलग श्रेणियां की आवश्यक बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के नेतृत्व में संपन्न हुई।

प्रथम बैठक कोर कमेटी, क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक और सहसंयोजकों की हुई और दूसरी बैठक भाजपा विधायक दल की हुई जिसमें आगामी कार्य योजना को लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन का मार्गदर्शन सबको प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक भाजपा की सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सब की सहभागिता हो और संगठन की दृष्टि से भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इन कार्यक्रमों के लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि 21 जून को योग दिवस की कार्यक्रम को संगठन स्तर पर और साथ ही साथ सरकार के स्तर पर भी करने की योजना बनाई गई है। योग दिवस कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक स्तर पर यह कार्यक्रम मनाया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर पर मनाएगी। इसके लिए कार्य योजना सुनिश्चित हो गई है और लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 10 में विजय प्राप्त की है और छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर फिर से भरोसा किया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है। एक निश्चित कार्य योजना बनाकर बूथ के, मंडल के, जिले के, सभी कार्यकर्ताओं ने समन्वय बनाकर कार्य किया है। बैठक में सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, राधेश्याम राठिया, श्रीमती कमलेश जांगड़े, चिंतामणि महाराज, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, टंक राम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े, दयालदास बघेल, क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा, जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती सहित सभी विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।



# कॉफी पीने से 30 प्रतिशत घटती है मौत की आशंका

**हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार कॉफी पीने से मौत का खतरा 30 प्रतिशत कम हो जाता है। इसके साथ ही कॉफी पीने से तीव्र गुर्दे की चोट में भी फायदा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, किडनी इंटरनेशनल रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि जो लोग हर दिन किसी भी मात्रा में कॉफी पीते थे, उनमें एकेआई का 15 प्रतिशत कम जोखिम था, जो कि पीने वाले समूह में सबसे बड़ी कमी देखी गई थी।**

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कॉफी पीने से मृत्यु की आशंका घटती है। एनल्स ऑफ इंटर्नल मेडिसिन में प्रकाशित रिसर्च का निष्कर्ष है कि जिन लोगों ने एक चम्मच शुगर के साथ डेढ़ से लेकर साढ़े तीन कप कॉफी प्रतिदिन पी थी, उन लोगों के कॉफी ना पीने वालों की तुलना में मरने का खतरा 30 प्रतिशत कम रहा। शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन में बड़े मेडिकल डेटा बेस यूके बायोबैंक से कॉफी पीने के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। उन्होंने सात वर्ष तक 37 से 73 वर्ष की आयु के बीच एक लाख 70 हजार लोगों की जीवनशैली, खानपान से सम्बन्धित जानकारी पर नजर डाली है।

शोध के अनुसार कैफीन युक्त और बिना कैफीन की कॉफी पीने वालों में मौत का खतरा कम पाया गया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.क्रिस्टीना वी कहती हैं, ऐसी बहुत कम चीजें हैं जो मौत का खतरा 30 प्रतिशत घटाती हैं। पहले भी कई शोधों में कॉफी पीने से स्वास्थ्य को कई फायदों के संकेत मिले हैं। हम पहले से ही जानते हैं कि नियमित रूप से कॉफी पीने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और यकृत रोग सहित पुरानी और अपक्षयी बीमारियों की रोकथाम के साथ जुड़ा हुआ है। कॉफी पीने से मृत्यु कम होने के साथ बुढ़ापे की बीमारी पार्किंसंस, दिल की बीमारियों, टाइप-2 डायबिटीज, लिवर प्रोस्टेट कैंसर सहित कई बीमारियों की आशंका घटती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट अधिक होने से शरीर की कोशिकाओं का नुकसान रुकता या कम होता है।





# दिमाग से लेकर इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी होता है विटामिन डी

**विटामिन डी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। जो हमारे दिमाग से लेकर इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी होता है। इसकी कमी होने से शरीर का कामकाज बिगड़ जाता है। धूप को इसका सबसे बढ़िया सोर्स माना जाता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह रास्ता काम नहीं करता है। जिसकी वजह से इस विटामिन की कमी होने लगती है।**

## विटामिन डी की कमी से होने वाले रोग?

यह विटामिन हड्डी, नाखून, दांत के लिए काफी जरूरी होता है। इसके कम होने पर हड्डी में दर्द, जोड़ हटना, मसल्स में दर्द, बार-बार बीमार पड़ना, ऑस्टियोपोरोसिस कैल्शियम की कमी, डिप्रेशन के लक्षण आदि परेशान कर सकते हैं। इसलिए इसे बॉडी में कभी कम ना होने दें।

## धूप में क्यों नहीं रहते लोग?

धूप को विटामिन-डी का बेस्ट सोर्स माना जाता है। लेकिन कुछ जगह धूप बहुत कम आती है या फिर कुछ लोगों की स्किन इसे ढंग से ग्रहण नहीं कर पाती है। वहीं, सेंसिटिव स्किन के लोग भी धूप से दूर रहते हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए विटामिन डी लेने का अकेला रास्ता फल, सब्जियां, जूस, सप्लीमेंट खाना बच जाता है।

## विटामिन डी की कमी का इलाज मशरूम

शाकाहारी लोगों में मशरूम से विटामिन डी की कमी खत्म की जा सकती है। एक स्टडी के अनुसार



इंसानों की तरह मशरूम भी धूप से विटामिन डी बनाता है। जिसे खाकर फायदा उठाया जा सकता है।

## दूध, पनीर, दही

दूध और उससे बने पनीर, दही आदि में कैल्शियम होता है। इसके साथ आपको काफी विटामिन डी मिलता है। ये दोनों पोषक तत्व हड्डियों, दांत और नाखून को मजबूत बनाने के काम आते हैं। आप पनीर की भुर्जी बनाकर भी खा सकते हैं।

## विटामिन डी बढ़ाएं - अंडा

प्रोटीन से भरा अंडा विटामिन डी भी देता है। इसके पीले हिस्से में फैटी एसिड, फैट और विटामिन डी होता है। आप इसे खाकर विटामिन डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

## विटामिन डी फल फोर्टिफाइड फूड

कुछ खाद्य पदार्थों में विटामिन डी अलग से डाला जाता है। आप मार्केट से संतरे का जूस, सीरियल, ओटमील, दूध आदि खरीद सकते हैं, जिसमें आर्टिफिशियल विटामिन डी डला हुआ हो।



# कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर का पक्का इलाज है अनार

**धरती पर विभिन्न तरह के फल पाए जाते हैं और हर फल के अपने अलग-अलग फायदे हैं। फलों में विभिन्न तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं। फलों के नियमित से विभिन्न बीमारियों से बचने में मदद मिलती है। ऐसा ही एक जबरदस्त फल है अनार, जिससे सेहत को अनगिनत फायदे मिलते हैं। हार्वर्ड मेडिकल एक्सपर्ट्स इस बात पर चिंता जाहिर करते हैं कि अमेरिका में बहुत से लोगों को अनार के बारे में नहीं पता है और न ही खाया है।**

क्लीवलैंड क्लिनिक की डाइटीशियन जूलिया जम्पानो ने बताया है कि अनार में न सिर्फ कम कैलोरी होती है बल्कि विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर यह फल कई रोगों का इलाज कर सकता है। एक अध्ययन में हार्वर्ड के डॉक्टरों ने भी माना है कि अनार एक एक शक्तिशाली फल है, जिसे खाने और इसका रस पीने से हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर और दिल से जुड़े रोगों से बचने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं कि रोजाना अनार खाने से आपको क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## एंटीऑक्सिडेंट और कैंसर से लड़ने वाले गुण

जम्पानो कहती हैं कि अनार में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो कोशिकाओं को विषाक्त पदार्थों से बचाने में मदद करते हैं और डीएनए को डैमेज होने से बचाते हैं, जिससे कैंसर हो सकता है।

## गंदे कोलेस्ट्रॉल को करता है बाहर

हार्वर्ड की रिपोर्ट बताती है कि अध्ययनों से पता चलता है कि अनार का रस हानिकारक एलडीएल यानी गंदे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है।

## पाचन को बनाता है मजबूत

अनार की फाइबर सामग्री पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करती है। आपको इसका रस पीने के बजाय पूरा फल खाना चाहिए। आधा कप अनार के दानों में 72 कैलोरी, 35 ग्राम फाइबर और 12 ग्राम शुगर होती है।

## प्रोस्टेट को रखता है दुरुस्त

अनार के रस को प्रोस्टेट कैंसर वाले पुरुषों में प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन लेवल को स्थिर करने के लिए जाना जाता है। कुछ शोधों में पाया गया है कि अनार के रस में मौजूद घटक कैंसर कोशिकाओं के प्रसार को बढ़ावा देने वाले रासायनिक तत्वों को कमजोर करके उनकी गति को रोकने में मदद कर सकते हैं।

## दिल को स्वस्थ रखने में मददगार

अनार के लाल दानों में मौजूद एलाजिक एसिड और एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम कर सकते हैं । इतना है नहीं यह धमनी की दीवारों पर जमा फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य गंदे पदार्थों को हटा सकते हैं, जो रक्त वाहिकाओं को बंद करते हैं। एक दिन में एक कप अनार का रस पीने से दिल को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।



# हार्मोनल इंबैलेंस से जुड़ी दिक्कतें दूर करता है कपालभाति

**ब्रीदिंग एक्सरसाइज को योग का खजाना कहा जाता है। इसे करने से न सिर्फ हार्मोनल इंबैलेंस बल्कि पाचन से जुड़ी कई दिक्कतें भी दूर हो सकती हैं। ऐसी ही एक एक्सरसाइज का नाम है कपालभाति। आइए जानते हैं कपालभाति प्राणायाम करने से शरीर को मिलते हैं कौन से फायदे।**

## डाइजेस्टिव सिस्टम को बनाएं मजबूत

कपालभाति डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाकर गैस, एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याओं में भी राहत देता है।

## दिल के लिए अच्छा

कपालभाति प्राणायाम फेफड़ों, स्प्लीन, लीवर, पैनक्रियाज के साथ-साथ दिल के कार्य में सुधार करता है। यह न केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बल्कि धमनी के अवरोध को दूर करने में भी मददगार है।

## नर्वस सिस्टम

यह नवर्स सिस्टम यानि तंत्रिका तंत्र के लिए भी बहुत अच्छा प्राणायाम माना जाता है। इसे करते समय होने वाली पंपिंग से ब्रेन के सेल्स में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ जाता है। कई महिलाओं को कपालभाति करते समय बीच में उबासी आती है। उबासी आने का मतलब यह है कि ब्रेन के सेल्स बहुत थके हुए हैं और जब ऑक्सीजन जाता है तब वह रिलैक्स हो जाते हैं।

## हार्मोंस बैलेंस

यह रिप्रोडक्टिव सिस्टम के लिए भी बहुत अच्छा होता है। इसके नियमित अभ्यास करने से ब्लड की सप्लाई यूट्रस, फैलोपियन ट्यूब और ओवरीज में बढ़ती है, जहां पर साफ-सफाई का काम हो जाता है। जैसे कि पीसीओडी होने पर सिस्ट बन जाते हैं। यह सिस्ट हार्मोनल इंबैलेंस के कारण बनते हैं। लेकिन जब कपालभाति प्राणायाम किया जाता है तब इससे हार्मोंस बैलेंस होते हैं।

## ग्लोइंग त्वचा

कपालभाति शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है। जिससे आपकी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार होता है और त्वचा ग्लोइंग बनती है।





# घातक रोग का लक्षण हो सकता है हाथ पैर की झनझनाहट

**पहले लोगों को तंबाकू के सेवन से कैंसर होता था लेकिन अब तंबाकू के अधिक सेवन से एक दुर्लभ बीमारी की पहचान हो गई है। इस बीमारी का नाम है बुर्जर रोग। बुर्जर की बीमारी को थ्रोम्बोआंगाइटिस ओब्लिटरन्स भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें हाथों और पैरों की रक्त वाहिकाएं सूज जाती हैं और बाद में यह ब्लॉक हो जाती हैं।**

नसों के ब्लॉक होने से हाथ-पैर की उंगलियों तक खून की सप्लाई रुक जाती है। ऐसा होने से आपके हाथ-पैरों में झनझनाहट या सुन्नता महसूस हो सकती है। आपको उंगलियों में पीलापन नजर आ सकता है। यह ऐसी खतरनाक बीमारी है जिसमें उंगलियां काम करना बंद कर देती हैं और किसी काम की नहीं रहती हैं। ऐसा माना जाता है कि यह बीमारी उन लोगों को ज्यादा होती है, जो स्मोकिंग करते हैं। जिन रोगियों को यह बुर्जर की बीमारी है, वे स्मोकिंग करने वाले हैं या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाना है। इसके अलावा कुछ रक्त वाहिकाओं और खून को पतला करने वाली दवाओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गंभीर मामलों में हाथ-पैर की उंगलियां काटने की जरूरत हो सकती है। चलिए जानते हैं कि इस बीमारी के क्या कारण और लक्षण हैं और इसका किसको ज्यादा खतरा है।

## क्या है बुर्जर की बीमारी


क्लीवलैंड क्लिनिक के अनुसार, जिन रोगियों को यह बुर्जर की बीमारी है, वे स्मोकिंग करने वाले हैं या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाना है। इसके अलावा कुछ रक्त वाहिकाओं और खून को पतला करने वाली दवाओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गंभीर मामलों में हाथ-पैर की उंगलियां काटने की जरूरत हो सकती है। चलिए जानते हैं कि इस बीमारी के क्या कारण और लक्षण हैं और इसका किसको ज्यादा खतरा है।

## बुर्जर की बीमारी के कारण

ऐसा माना जाता है कि स्मोकिंग करने वालों में बुर्जर रोग विकसित होने का सबसे अधिक खतरा होता है। यह रोग भांग और तंबाकू का सेवन करने वालों में पाया गया है। यह एक दुर्लभ विकार है जो उन देशों में कम देखा गया है, जिन देशों में तंबाकू का कम सेवन किया जाता है।

## बुर्जर की बीमारी के संकेत और लक्षण

- चलने से आपके निचले पैरों या पैरों में दर्द या जलन होना
- आपके हाथों या कलाइयों में दर्द या झनझनाहट
- रक्त में थक्के
- हाथ-पैर की उंगलियों पर अल्सर
- हाथ-पैर की उंगलियों पर त्वचा के रंग में पीला, लाल और कभी-कभी नीला पड़ जाना



संक्षिप्त समाचार

## जी-7 से इतर पीएम मोदी ने की जापान के प्रधानमंत्री से मुलाकात

**अपुलिया, एजेंसी।** इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन से परे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत में पांच ट्रिलियन येन के निवेश के साथ मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को लेकर चर्चा हुई। भारत-जापान के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री के कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत-जापान संबंधों को बढ़ावा दे रहे हैं। इटली में जी-7 सम्मेलन से इतर पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच व्यापार, लोगों से लोगों तक, सरकार से सरकार तक जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएमओ ने एक्स पर कहा, चर्चा में रक्षा, हाई स्पीड रेल बुनियदी ढांचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के साथ बी2बी, पी2पी और ज2जी संबंधों और व्यापार को मजबूत करना शामिल था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद संभालने के लिए फुमियो किशिदा ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने इस बधाई के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पुष्टि की कि तीसरे कार्यकाल में जापान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता मिलेगी। बयान में आगे कहा गया, भारत और जापान सात अहम क्षेत्रों में सहयोग करेंगे, इसमें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मक साझेदरी शामिल हैं।

## हूती विद्रोहियों पर अमेरिका का बड़ा एक्शन; हमले में सात रडार, दो जहाज और ड्रोन किया नष्ट

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी सेना ने बड़ा एक्शन लिया है। यमन में पिछले 24 घंटे में अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोहियों के सात रडार, एक ड्रोन और दो बिना चालक दल वाले जहाजों को नष्ट किया है। बता दें कि हूती विद्रोही लाल सागर में जहाजों को लगातार निशाना बना रहे हैं। दो दिन पहले ग्रीक के एक जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हमला किया था। अमेरिका ने यह कदम इस हमले के बाद उठाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर लिखा कि यह रडार हूती विद्रोहियों को समुद्री जहाजों को निशाना बनाने और वाणिज्यिक शिपिंग को खतरे में डालने में मदद पहुंचाते थे। हाल ही में हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों को भी बंदी बना लिया था। ये सभी कर्मी यमन के ही रहने वाले हैं। बंदियों में एक विशेष दूत और महिला भी शामिल है। बता दें कि गाजा में इजरायली हमले के खिलाफ पिछले सात महीने से हूती विद्रोही लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

## 21 जून को भारत के दौरे पर आएंगी प्रधानमंत्री शेख हसीना

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगी। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि हसीना 22 जून को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक बातचीत करेंगी।

## दलाई लामा से मिलने अगले सप्ताह भारत आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन , एजेंसी।** यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी समेत अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मिलने के लिए धर्मशाला पहुंचेगा। अमेरिकी कांग्रेस ने इस महीने तिब्बत की स्थिति और शासन पर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए एक कानून पारित किया है, जिसमें दलाई लामा के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का बीजिंग से आह्वान किया है। प्रतिनिधिमंडल 18 और 19 जून को धर्मशाला में होगा।

## रूस और मिस्र भूमध्य सागर में करेंगे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**मास्को, एजेंसी।** रूस के पैसिफिक फ्लीट (प्रशांत महासागर में रूसी नौसेना का बेड़ा) के दो युद्धपोत भूमध्य सागर में मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि मिसाइल क्रूजर वर्याग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित पैसिफिक फ्लीट के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि अभ्यास के दौरान मिस्र की नौसेना का प्रतिनिधित्व फ्रिगेट ईएनएस अल-कादिर द्वारा किया जाएगा। अभ्यास पैसेक्स (पैसेज एक्सरसाइज) प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जो विभिन्न देशों के बेड़ों के बीच युद्ध समन्वय तकनीकों में महारत हासिल करने पर केंद्रित है। अभ्यास में संयुक्त युद्धाभ्यास, संचार प्रशिक्षण और निरीक्षण कार्रवाई जैसे तत्व शामिल होंगे।

# कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन अपना हाल बताते हुए भावुक हुईं, प्रधानमंत्री सुनक बोले- पूरा देश साथ





**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हाल ही में खबर आई थी कि अपनी तबियत के कारण वह शायद शाही कामकाज पर नहीं लौट पाएंगी। हालांकि, इस बीच राजकुमारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने बताया कि वह कीमोथेरेपी ले रही हैं, जिससे उनकी तबियत में सुधार हो रहा है।

**अभी इलाज चलता रहेगा:** इस साल की शुरुआत में केट ने अपने कैंसर होने की जानकारी दी थी। अब उन्होंने तबियत को लेकर नया अपडेट दिया है। द प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ वेल्स के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर साझा किए गए बयान में उन्होंने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, मेरा इलाज चल रहा है। यह कुछ और महीनों तक चलेगा। वहीं, केट मिडलन के पोस्ट पर ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक समेत कई लोगों ने प्रतिक्रियाएं दीं। पीएम ने कहा, राजकुमारी का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं।

**थका हुआ महसूस करते हो:** वेल्स की राजकुमारी ने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। मगर वह पूरी तरह से खतरे से बाहर नहीं हैं। उन्होंने अपनी स्वास्थ्य यात्रा में अच्छे दिन और बुरे दिन के अस्तित्व को साहसपूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि बुरे दिनों में आप अपने आपको कमजोर, थका हुआ महसूस करते हो। आपको आराम करना पड़ता है। मगर अच्छे दिनों में आप ताकतवर महसूस करते हो। आप अच्छा महसूस करने का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजा के जन्मदिन पर होने वाली परेड में शामिल होने के लिए उत्सुक होने की बात भी कही। उन्होंने अंत में लिखा, आपकी निरंतर समझ के लिए और आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इतनी बहादुरी से अपनी कहानियों को मेरे साथ साझा किया है।

**मैं जानता हूं कि पूरा देश...:** पीएम सुनक ने एक्स पर लिखा, प्रिंसेस ऑफ वेल्स का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं। वे उनके शब्दों में उसी संघर्ष को पहचानेंगे और उनकी ताकत से आशा और प्रेरणा लेंगे। मैं जानता हूं कि पूरा देश उनके साथ है।

**मार्च में कैंसर होने का लगा पता:** दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी।

**राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थन:** केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं। ये दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिनाई भरे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास एक शानदार मेडिकल टीम है, जिसने मेरी बहुत देखभाल की है। इसके लिए मैं मेडिकल टीम की बहुत आभारी हूं।

**कैंसर के बारे में बच्चों को बताने में लगा था समय:** केट मिडलटन अपने बच्चों को भी इस बारे में बता चुकी हैं कि वह कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सब कुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें बच्चों इस तरह बताना था कि उन पर इसका असर न पड़े। केट ने अपने बच्चों को भरोसा दिलाया है कि वे जल्दी ठीक हो जाएंगी।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बोले सचिन पायलट- बीजेपी को अहंकार ले डूबा




**लंदन, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीए सचिन पायलट ने इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ब्लावात्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के स्टूडेंट्स और टीचर्स से संवाद किया।सचिन पायलट ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह अहंकार में आकर 400 सीट जीतने का नारा दिया, उसमें घमंड झलक रहा था। पायलट ने कहा कि बीते 10 साल में सरकार ने एकतरफा फैसले लेने की कोशिश की है। उन्होंने नोटबन्दी को बिना तैयारी के लिया गया निर्णय बताया और कहा कि जिस तरह बिना तैयारी के नोटबन्दी की गई, उसके खराब परिणाम आए. लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पायलट ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि खराब करने के कई प्रयास किए. पायलट ने कहा- राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भाजपा और उनके समर्थक मीडिया ने कई संसाधन झोंके। सोशल मीडिया समेत कई जगहों पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के प्रयास हुए।

बीजेपी के खराब प्रदर्शन की वजह बताई

सचिन पायलट ने भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के पीछे के कारण भी गिनाए. उन्होंने कहा भाजपा की नीतियों से जनता परेशान हो गई थी। बीते 10 साल के शासन में पार्टी ने एकतरफा फैसले किए थे। अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं में भारी आक्रोश था। 400 पार का नारा देकर भाजपा ने अहंकार झलकाया। इसके अलावा, बिना तैयारी के ही नोटबंदी कर दी गई थी। इसके नतीजे काफी खराब आए। सचिन पायलट ने अयोध्या (फैजाबाद) में भाजपा की हार का भी जिक्र किया।

## यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार: पुतिन



**मॉस्को, एजेंसी।**
स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन डोनबास, खेरसॉन और जापोरिज्जिया से अपने सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार है। आरटी के मुताबिक पुतिन ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कीव द्वारा सैनिकों की वापसी की घोषणा करने और नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ने पर हम उसके साथ संघर्ष विराम और बातचीत शुरू कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिम देश और यूक्रेन फिर से उसके शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं, तो भविष्य में रक्तपात के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि रूस अस्थायी युद्ध विराम नहीं, बल्कि स्थायी शांति चाहता है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन की सरकार को देश की रूसी भाषी आबादी के अधिकारों और स्वतंत्रता की भी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी समझौतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जानी चाहिए और रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति ने 15 और 16 जून को स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन को कीव की वर्तमान सरकार को वैधता देने की कोशिश करार दिया। क्योंकि यूक्रेनी नेता व्लादिमीर जेलेंस्की का राष्ट्रपति कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो चुका है। उन्होंने इस साल होने वाला राष्ट्रपति चुनाव भी रद्द कर दिया है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के साथ संघर्ष शुरू होने के समय क्रीमिया प्रायद्वीप के लिए भूमि गलियारे की सुरक्षा की गारंटी देने पर मॉस्को खेरसॉन और जापोरिज्जिया क्षेत्रों पर सैद्धांतिक रूप से कीव को संप्रभुता बनाए रखने के लिए तैयार था। ये क्षेत्र अब रूस का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, बाद में, इन दोनों क्षेत्रों के निवासियों ने जनमत संग्रह में रूस में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध सांस्कृतिक रूप से करीबी दो देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि यह आक्रामक और लापरवाह पश्चिमी नीतियों का परिणाम है। राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी संपत्तियों को जब्त करने के पश्चिमी देशों के निर्णय को चोरी करार दिया और ऐसा करने वालों को दंडित करने का संकल्प लिया। उन्होंने दावा किया कि रूस की संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने का कदम वैश्विक वित्तीय प्रणाली को तहस-नहस कर देगा। पश्चिमी देशों के इस दावे को खारिज करते हुए कि रूस नाटो देशों पर हमला कर सकता है, उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह बकवास है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

## आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में कहा हैप्पी बर्थडे





**वाशिंगटन, एजेंसी।**
हाल ही में हश मनी मामले में दोषी ठहराए गए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने अपनी चुनावी अभियान से भी जोड़ा है। जो बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान के तहत डोनाल्ड ट्रंप को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी। डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए और इसलिए बाइडेन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जो बाइडेन की ओर से ट्रम्प को जन्मदिन के संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एक असफल और धोखेबाज़ व्यक्ति हैं।

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले दो प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार (ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन) अमेरिका के इतिहास के अब तक के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन 81 साल के हैं, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के हैं। बाइडेन के कैंपेन की ओर से एक वीडियो जारी कर लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं,। इसमें आगे बाइडेन ने कहा, अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा गिफ्ट पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों की एक दिलचस्प लिस्ट भी शेयर किया। इसमें कहा गया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराए जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। रिपब्लिकन ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच उम्र और दिमागी सेहत चर्चा का विषय रहती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जन्मदिन पर फ्लोरिडा में भीड़ को संबोधित किया और जो बाइडेन को दूसरा कार्यकाल संभालने के लिए बहुत कमज़ोर बताया। ट्रंप ने कहा, हमारे देश को अक्षम लोग बर्बाद कर रहे हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सभी राष्ट्रपतियों के लिए एक एप्टीट्यूड टेस्ट होनी चाहिए।

## रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन देंगे अमेरिका-यूरोप, पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने बड़ा कदम उठाया है। रूस की संपत्तियों को जब्त कर ये देश अब यूक्रेन को अरबों डॉलर का कर्ज देंगे। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस की प्रतिबंधित संपत्तियों को उस समय तक जब्त रखे जाने पर सहमति जताई है, जब तक कि वह यूक्रेन पर हमले के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर देता। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस कदम से जी-7 शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा कीव के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की घोषणा करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारी ने कहा कि पहला भुगतान इसी वर्ष किया जाएगा, लेकिन यूक्रेन को सारा पैसा खर्च करने में समय लगेगा। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर समझौते की जानकारी दी, जिसे शुक्रवार को जी-7 नेताओं की विज्ञप्ति में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, जी-7 देशों के समूह ने यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों का इस्तेमाल करने की योजना की घोषणा की है।

पुतिन इस कदम से भड़के हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करके ऋण पैकेज प्रदान करने के समझौते की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि रूस इस कदम का करारा जवाब देगा। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेता हमारी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किसी तरह का कानूनी आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी चालों के बावजूद, वे चोरी ही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा, चोरी तो चोरी होती है और चोर को सजा दिए बिना नहीं छोड़ सकते। पुतिन ने कहा कि ऐसे तो वे किसी की भी संपत्ति जब्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम उठाने वालों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता।

## म्यांमार में जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी सूचनाएं, सैन्य सरकार ने वीपीएन को ब्लॉक किया



**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।**
म्यांमार की सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर मुफ्त संचार को रोकने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन तक पहुंच बंद करने के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। मोबाइल फोन ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, प्रमुख विपक्षी समूह और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सूचना को प्रतिबंधित करने का यह काम मई महीने के आखिरी में ही शुरू हो गया था।

**पहले भी कई बार इंटरनेट सेवाओं को रोका जा चुका है:** आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को हटाकर फरवरी 2021 में सत्ता संभालने वाली सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर ट्रैफिक को कम करने के लिए पहले भी कई कोशिश की है। खासतौर से जब सेना सत्ता पर काबिज हुई थी, उस वक्त उन्होंने इंटरनेट पर काफी प्रतिबंध लगाया।

**मोबाइल पर वीपीएन ऐप पाए जाने के बाद 25 लोग गिरफ्तार:** सरकारी फंड से चलने वाले रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि म्यांमार के मध्य तटीय अय्यारवाडी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों इस सप्ताह सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके जुर्माना लगाया गया है। इन सभी लोगों के मोबाइल फोन पर वीपीएन ऐप पाया गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की।

सेना को देश भर में लोकतंत्र समर्थकों से कड़ी सशस्त्र चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। सैन्य सरकार का यह कदम सामरिक उद्देश्यों की पूर्ति तो कर सकता है, लेकिन इसने मानवाधिकारों के हनन के सबूतों को सार्वजनिक करना भी कठिन बना दिया है।

## रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे।

रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गई। कुछ लोगों ने दक्षिण अफ्रीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बहेतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं।

## संक्षिप्त-खबर

### जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर को लेकर विधायक गजेन्द्र को सौंपा गया मांगपत्र



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर की मांग लंबे समय से उठ रही है। इसके अभाव में मरीजों को कई चिकित्सकीय सेवा से अभी भी वंचित होना पड़ रहा है। इसे लेकर जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य व जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर ने दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव से मुलाकात की और ट्रॉमा सेंटर के संचालन को लेकर मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र को विधायक गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लेते हुए ट्रॉमा सेंटर पर जल्द सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया गया है। सौंपे गए मांगपत्र के माध्यम से जिला अस्पताल जीवनदीप समिति आजीवन सदस्य व जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर ने बताया कि ट्रामा सेंटर के संचालन होने से जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सेवा का और अधिक विस्तार व विकास होगा। ट्रॉमा सेंटर से कार्डिक, न्यूरो फिजिशियन, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोलाजिस्ट, सर्जन मेडिकल ऑफिसर,आर्थो आईसीयू के अलावा अन्य सुविधाएं मिलेगी। जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा, साथ ही अस्पताल से रिफर केसेस में कमी आएगी।

विधायक गजेन्द्र यादव को मांगपत्र सौंपने के दौरान जिला अस्पताल जीवनदीप समिति आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के साथ जीवनदीप समिति के मानद सदस्य प्रशांत डोनगांवकर भी मौजूद थे।

### कलेक्टर जनचौपाल 18 जून को दोपहर 1 बजे होगा आयोजित

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थगित कलेक्टर जन चौपाल 18 जून से पुनः शुरू हो रही है। 18 जून को दोपहर 1 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा।इस दौरान जिलेवासी अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।जन चौपाल में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए सभी विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

### तेज गति से बाइक ट्रक में घुसी, एक मौत

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शहर के बाहर दुर्ग रोड पर स्थित रामदरबार मंदिर चौक के ट्रैफिक सिग्नल में बीती रात को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना रात करीब 11 बजे की है। मिली जानकारी के मुताबिक रामदरबार मंदिर चौक में स्थित स्पीड ब्रेकर पर रायपुर से केरल जा रही एक ट्रक चालक ने गति को कम किया। पीछे से आ रही तेज गति में बाइक सवार ट्रक की स्पीड को भांप नहीं पाए और सीधे ट्रक के पीछे जा घुसे।

हादसे में दुर्गा प्रसाद देवांगन नामक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक में सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी एमन साहू ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बाईक सवार को सामने जा रही ट्रक के धीमी होने का अहसास नहीं हुआ और सीधे ट्रक के पीछे बाइक घुस गई। मृतक रायपुर से अपने गांव चांदो जा रहा था। रात को वह मोटर साइकिल से रायपुर से डोंगरगांव के करीब अपने गांव जाने निकला था। इससे पहले यह हादसा हो गया। परिजनों को देर रात हादसे की खबर मिली। हाल ही में यातयात विभाग द्वारा घटनास्थल में ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है।

वहीं यातायात को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर भी वहां मौजूद है।

### छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई ( समय दर्शन )।** बिलासपुर जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में दिनांक 24 से 28 जुलाई 2024 तक बिलासपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर हॉल, सिविक सेंटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर दिनांक 22 जून 2024 को सुबह 9 बजे से (दोनों वर्ग) की टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अतः संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांकः 19 जून 2024 तक निम्न चयनकर्ताओं श्री प्रवीण उपाध्याय (मो.न- 7489599530), मो. सलीम कुरैशी (मो.न- 9407984236), तथा श्री विजय भानू (मो.न- 9229583585) के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। यह प्रतियोगिता योनेक्स के प्लास्टिक शटल कॉक से खेली जायेगी।

इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) श्री अभिजीत भौमिक होंगे।

### केदार कश्यप से मुलाकात कर प्रीतपाल बेलचंदन ने सहकारिता के व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने सौजन्य मुलाकात कर सहकारिता के व्यापक संभावनाओं पर चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव में बस्तर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की जीत पर उन्हें बधाई दी। बता दे कि पार्टी के नेता व किसानों का कहना है कि प्रीतपाल बेलचन्दन एक वरिष्ठ नेता हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के सहकारिता के समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने अविभाजित दुर्ग जिले के किसानों को एकजुट कर उनकी सांझे विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी रणनीति, कृषक प्रतिनिधित्व और किसानों के बीच संबंध उन्हें एक प्रमुख नेता बनाता हैं । वे किसानों के विकास के लिए निरंतर काम करते रहे हैं। कांग्रेस सरकार में उन्हे झूठे मामले में फंसाकर 69 दिनों तक जेल में रखा किंतु कोई प्रमाणित दस्तावेज के आभाव में अदालत ने उन्हें जमानत देकर रिहा कर दिया। प्रीतपाल बेलचन्दन का कृषि और सहकारी के साथ सशक्त साझेदारी महत्वपूर्ण है। उनका योगदान किसानों के विकास और समृद्धि के मार्ग को सुदृढ़ करता है और राज्य के लोगों के हित में काम करने में मदद करता है। छत्तीसगढ़ में सहकारिता के जरिए विकसित कृषक समाज के लिए नए और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में उनका कदम कोई डगमगा न सका है। आज दुर्ग सहकारी समिति को प्रीतपाल बेलचन्दन जैसे नेता की महती आवश्यकता है।

तीन दिन तक चलने वाला कुर्बानी का सिलसिला शुरू

# ईद उल अजहा पर अमन के लिए दुआओं में उठे हाथ

**भिलाई ( समय दर्शन )।** टिवन सिटी में तीन दिन के ईद उल अजहा त्यौहार की शुरुआत सोमवार से हुई। कुर्बानी के जज्बे के साथ लोग ईद मना रहे हैं। 19 जून बुधवार तक हैसियत के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के लोग बकरों की कुर्बानी करेंगे। पहले दिन ईदुलअजहा की नमाज शहर के तमाम ईदगाह व मस्जिदों में सुबह पढ़ाई गई। जिसमें बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। नमाज के बाद समाज के सभी समुदाय के लोगों ने मुस्लिम भाईयों को गले मिल कर मुबारकबाद दी। इसके साथ ही हज पूरा होने पर दुआएं की गईं।



जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर ने नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर जमील अहमद की ओर से सालाना रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें ट्रस्ट की ओर से मस्जिद में जारी निर्माण कार्य की जानकारी दी गई। वहीं मुल्क में बढ़ती सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने की मांग की गई। इमाम के खुत्बे के बाद मुल्क में अमन व भाईचारे की दुआएं की गई। ईद उल अजहा के मौके पर मक्का मुअज्जमा में हज पूरा होने पर सभी लोगों ने दुआएं की। खास तौर पर दुर्ग-भिलाई से गए हाजियों ने अपने-अपने परिवार में फोन-वीडियो कॉल कर हज पूरा होने की जानकारी दी और लोगों ने उनसे दुआओं की गुजारिश की। ईद की नमाज के मौके पर भिलाई में तमाम मस्जिदों व ईदगाहों में हज पूरा होने पर हाजियों को मुबारकबाद पेश की गई। ईद उल अजहा पर शहर के कब्रिस्तान हैदरगंज में लोग नमाज के बाद पहुंचे और अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर दुआएं की। मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में नमाज़ से पहले अपनी तकरीर में मौलाना इनामुल हक ने कहा कि अल्लाह ने कुर्बानी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम से मांगी लेकिन ली नहीं। इब्राहिम अलैहिस्सलाम को जब बेटे पर छुरी चलाने की नौबत आई तो अल्लाह ने फ़रिश्ते के जरिए से एक दुंबा (भेड़) रखवा दिया और इस्माइल को हटा दिया। मौलाना हक ने कहा अल्लाह प्रेम और आत्मसंयम (तकवा-परहेजगारी) को पसंद करता है। इस कुर्बानी को क़यामत तक लोगों के लिए साहिबे हैसियत पर वाजिब कर दिया गया। इस के बाद नमाज़े ईदुल अजहा इमाम हाफिज कासिम ने अदा करवाई। इस मौके पर लोगों ने आपस में दिली मुबारकबाद दी और पुलिस विभाग के मौजूद लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सदर मोहम्मद असलम, सचिव सैयद असलम,नायब सेक्रेटरी मोहम्मद अकरम, खजांची सगीर जमाल, मोहम्मद आजम, निजामुद्दीन अंसारी, युसूफ सिद्दीकी, अशरफ हाफिज आदि शामिल थे।

### कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को मनाया जाएगा।इस दिन सिकल सेल जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सिकलिन बिमारी की रोकथाम और बचाव के प्रचार प्रसार हेतु आज कलेक्ट्रेट परिसर से सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सिकल सेल बीमारी के बारे में जागरूक किया जाएगा।साथ ही सिकल सेल बीमारी का निशुल्क जांच और इलाज शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सिकल सेल के लक्षण और उसके प्रभाव के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। जागरूकता रथ रवाना के अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद पांडे,सीएमएचओ डॉ.गार्गी यदु पाल सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रदेशवासियों को दी ईद-उल-अजहा की बधाई


बकरीद

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।**सोमवार को मुस्लिम समाज द्वारा बकरीद (ईद-उल अजहा) का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या मे एकजुट होकर मुस्लिम समाज के लोगो ने सुबह ईदगाह में नमाज पढ़ी और प्रदेश के सुख,शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके पहले सुबह से ईद को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चे सहित बड़े भी नए नए पोशाकों में नजर आए। इस अवसर पर गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवम आल इंडिया मुस्लिम मेमन जमात के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने देश और प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई देते हुए कहा कि ये पावन पर्व हमें एक न्यायपूर्ण, सौहार्दपूर्ण मधुर और समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि यह पर्व मुख्य रूप से हजरत इब्राहिम द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है। इसके कारण से बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना गया है।उन्होंने बताया कि आज गरियाबंद जिले में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्साह के साथ लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। गरियाबंद और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

### राजस्थान में बंधक बनाये गये जिले के मजदूर जिला प्रशासन की पहल पर वापस लौटे

**सरगुजा, ( समय दर्शन )।** जिले के मैनपाट इलाके के चार पहाड़ी कोरवा नाबालिगों को राजस्थान में बंधक बनाकर कम मजदूरी देकर काम लिये जाने तथा वापस लौटने नहीं दिये जाने की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन की पहल पर चारों मजदूरों को छुड़ा लिया गया है तथा सभी सोमवार को अंबिकापुर सकुशल लौट आये है।

मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट ब्लॉक के ग्राम मालतीपुर निवासी चार नाबालिग पहाड़ी कोरवा मजदूरों को अधिक मजदूरी मिलने का झांसा देकर चिरगा निवासी फि लिम नामक व्यक्ति अपने साथ ले गया। चारों को उसने राजस्थान के सवाई माधोपुर के नजदीकी क्षेत्र में काम करने के लिए छोड़ दिया। जहां चारों को बोरवेल्स के काम में लगा दिया गया था। चारो को बोरवेल के कठिन काम में लगाने के बावजूद उन्हें पर्याप्त मजदूरी नहीं दी गई। वे लौटना चाहते थे, लेकिन उन्हें वापस नहीं आने दिया जा रहा था। तब नाबालिगों ने परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने सूचना विधायक रामकुमार टोप्पो एवं सरगुजा जिला प्रशासन को दी। कलेक्टर विलास भोसकर एवं एसपी योगेश पटेल ने प्रशासनिक अधिकारियों को राजस्थान के अधिकारियों से संपर्क करने कहा। एसडीएम मैनपाट रवि राही एवं पुलिस अधिकारियों ने राजस्थान के अधिकारियों से बात की एवं उनकी वापसी की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की पहल पर चारों नाबालिग सोमवार को अंबिकापुर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में मंत्री रामविचार नेताम से भी मुलाकात की।

### राजस्थान में बंधक बनाये गये जिले के मजदूर जिला प्रशासन की पहल पर वापस लौटे

**सरगुजा ( समय दर्शन )।** जिले के मैनपाट इलाके के चार पहाड़ी कोरवा नाबालिगों को राजस्थान में बंधक बनाकर कम मजदूरी देकर काम लिये जाने तथा वापस लौटने नहीं दिये जाने की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन की पहल पर चारों मजदूरों को छुड़ा लिया गया है तथा सभी सोमवार को अंबिकापुर सकुशल लौट आये है।

मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट ब्लॉक के ग्राम मालतीपुर निवासी चार नाबालिग पहाड़ी कोरवा मजदूरों को अधिक मजदूरी मिलने का झांसा देकर चिरगा निवासी फि लिम नामक व्यक्ति अपने साथ ले गया। चारों को उसने राजस्थान के सवाई माधोपुर के नजदीकी क्षेत्र में काम करने के लिए छोड़ दिया। जहां चारों को बोरवेल्स के काम में लगा दिया गया था। चारो को बोरवेल के कठिन काम में लगाने के बावजूद उन्हें पर्याप्त मजदूरी नहीं दी गई। वे लौटना चाहते थे, लेकिन उन्हें वापस नहीं आने दिया जा रहा था। तब नाबालिगों ने परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने सूचना विधायक रामकुमार टोप्पो एवं सरगुजा जिला प्रशासन को दी। कलेक्टर विलास भोसकर एवं एसपी योगेश पटेल ने प्रशासनिक अधिकारियों को राजस्थान के अधिकारियों से संपर्क करने कहा। एसडीएम मैनपाट रवि राही एवं पुलिस अधिकारियों ने राजस्थान के अधिकारियों से बात की एवं उनकी वापसी की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की पहल पर चारों नाबालिग सोमवार को अंबिकापुर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में मंत्री रामविचार नेताम से भी मुलाकात की। मंत्री रामविचार नेताम ने उनके चर्चा की एवं उन्हें घर पहुंचाने के निर्देश दिए।

## अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी पकड़ाये

**कोरिया ( समय दर्शन )।** कोरिया पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से क्रमशः 52 नग गोवा स्पेशल विस्की तथा 6 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब बरामद किया है। मामले में दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा जिला कोरिया के क्षेत्र अंतर्गत अवैध कारोबार के विरुद्ध अंकुश लगाकर निरंतर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके परिणाम स्वरुप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में दिनांक 16 जून 2024 को चौकी पोड़ी बचरा की एक टीम आबकारी एक्ट की कार्यवाही हेतु मय किट सामग्री के साथ देहात रवाना हुए थे। जैसे ही उक्त टीम पोड़ी बस स्टैंड के पास पहुंची तो मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पोड़ी (ठिहाईपारा) निवासी शंकर सिंह आ. स्व. शिव बरन सिंह अपने घर में अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जिस पर उक्त टीम मुखबीर के बताये स्थान पर तत्काल रवाना हुई एवं मुखबीर के बताये अनुसार उक्त टीम मौके पर पहुंची एवं अभियुक्त के घर पर घेराबंदी किया गया, जहाँ शंकर सिंह अपने घर पर उपस्थित मिला किन्तु अंग्रेजी शराब घर पर बिक्री करने से इन्कार कर पुलिस को काफी उलझाने का प्रयास किया। पुलिस की टीम द्वारा चतुराई से पूछताछ करने पर आरोपियों शंकर सिंह वास्तविकता बताने में विवश होकर गोवा अंग्रेजी शराब घर में रखकर बिक्री करना कबूल किया, जो कि अपने घर पर सफ़ेद रंग के झोले में बांधकर रखा था। सफ़ेद रंग के झोले की तलाशी ली गई, तलाशी में 52 नग गोवा स्पेशल विस्की 180 द्द्य कुल अंग्रेजी शराब की मात्रा 9 लीटर 360 रूरु को जप्त किया गया है।

इसी तरह दिनांक 16 जून को ही थाना बैकुंठपुर की एक टीम आबकारी एक्ट की कार्यवाही हेतु मय किट सामग्री बैकुंठपुर टाउन की ओर रवाना हुए थे, जैसे ही वह ओडगी नाका के पास पहुँचे, उसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ओडगी डकईपारा निवासी संतोषी राजवाड़े पति राजेश राजवाड़े हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब एक झोले में रखकर बिक्री करने हेतु झुमका डैम की ओर जा रही है। जिस पर उक्त टीम मुखबीर के बताये स्थान पर तत्काल रवाना हुई एवं मुखबीर के बताये अनुसार उक्त टीम मौके पर पहुंची, जहाँ पर आरोपी को घेराबंदी कर उससे पूछताछ किया गया। अभियुक्त के पास रखे झोले की तलाशी लेने पर झोले में रखे 05 लीटर क्षमता वाला जरिकेन में 05 लीटर एवं 01 लीटर पारदर्शी प्लास्टिक बॉटल में 01 लीटर कुल 06 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित शराब को आरोपी के पास से जप्त किया गया है। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के क्रिकेटरों के लिए बड़े प्लेटफॉर्म्स में खेलने का मौका खोलेगा सीसीपीएल - अरुण साव

### छत्तीसगढ़ के क्रिकेटरों के लिए बड़े प्लेटफॉर्म्स में खेलने का मौका खोलेगा सीसीपीएल

### सीसीपीएल का फाइनल देखने पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव

### 'सीसीपीएल किसी भी मायने में आईपीएल से कम नहीं'



**रायपुर ( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार की शाम नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) का फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित इस लीग का फाइनल मैच रायपुर रायनोस और बिलासपुर बुल्स के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर रायनोस की टीम चैंपियन बनी। उप मुख्यमंत्री श्री साव के स्टेडियम पहुंचने पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। श्री साव ने हाथ हिलाकर वहां मौजूद दर्शकों का अभिवादन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सीसीपीएल के फाइनल मुकाबले में कहा कि यह आयोजन किसी भी मायने में आईपीएल से कम नहीं है। इसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा मौका मिल रहा है। इससे निश्चित ही छत्तीसगढ़ से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। श्री साव ने कहा कि फाइनल मुकाबला देखने के लिए 20 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंचे हुए हैं। यह लीग और राज्य के खिलाड़ियों के प्रति उनके अपार प्रेम को दर्शाता है।

श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी श्री शशांक सिंह ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल में अपने खेल से खूब धूम मचाई थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीसीपीएल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए आईपीएल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स में खेलने का रास्ता खोलेगा। इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन होगा। सीसीपीएल के निर्देशक श्री बलदेव सिंह भाटिया और श्री विजय शाह, गवर्निंग काउंसिल के चैयरमैन श्री प्रमोद शंकर शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री जुबिन शाह और सचिव श्री मुकुल तिवारी भी इस दौरान मौजूद थे।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में किया जायेगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**भिलाई ( समय दर्शन )।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2024 को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में प्रातः 7.30 बजे से 8:30 बजे तक योगाभ्यास का मुख्य आयोजन किया जायेगा। इस योगाभ्यास में बीएसपी के अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली बच्चे भाग लेंगे। इस वर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र, योग-स्वयं और समाज के लिए विषय पर केंद्रित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा। इसके साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में भी योगाभ्यास कराया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य, आध्यात्मिक विकास और वैश्विक शांति के लिए योग को बढ़ावा देना है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। भारत की इस प्राचीन योग प्रथा को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास पर इसके गहन प्रभाव के लिए सम्पूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे स्वीकारा गया है। योग, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, विचार, संयम और स्फूर्ति प्रदान करने करने में सहायक है। योग सभी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। इस दिन, योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह थीम सभी के समग्र कल्याण में योग की भूमिका पर जोर देती है और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर योग के परिवर्तनकारी प्रभाव को बढ़ावा देती है। भारत की योग पद्धति को आज विश्व में अनेक देशों द्वारा मान्यता दी जा चुकी है। 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

## संक्षिप्त-खबर

### योग तन एवं मन को स्वस्थ रखता है-अशोक साहू



**पाटन ( समय दर्शन )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास आयुर्वेदिक औषधालय भंसूली एवं तेलीगुंडरा में 5 दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,दिनेश साहू सभापति जप पाटन,तुलसी गैंदलाल डहरिया सरपंच,मनीष पटेल सरपंच ने धनवंतरी भगवान की पूजा अर्चना कर किए।

सभी अतिथियों ने योग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल कर तन मन को स्वस्थ रखने का माध्यम बतलाए।योग प्रशिक्षक के सलाह से विभिन्न बीमारियों के लिए योगा अभ्यास की सलाह जरूर लेवे।

इस अवसर पर डा नम्रता यादव,डा गीतांजलि तुरेंद्र, डा डोमन चतुर्वेदी,योग प्रशिक्षक खिलेश्वरी निषाद,महेंद्र साहू,कमलेश साहू उपसरपंच,गैंदलाल डहरिया पूर्व जप,आशीष सिंग,राधेश्याम देवांगन,डा हेमंत साहू,ओंकार देवांगन,राधेलाल साहू,गीता साहू,लता साहू,तेनी साहू,सुनीता साहू,महेश साहू,दिनेश साहू,बिरेंद्र देवांगन,भूपेश साहू,प्रीतम निर्मल,भोला साहू,गोपाल साहू,सीता राम साहू,नेतराम साहू,सेवक देवांगन सहित विद्यार्थी बच्चे एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष रामबाई गजानंद सिन्हा जनपद सदस्यो के साथ पहुंचे सांसद विजय बघेल के निवास, सांसद चुने जाने पर दी बधाई



**पाटन ( समय दर्शन )।** सांसद चुने जाने के बाद सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है। इस बार बधाई देने वालो में कांग्रेस के वरिष्ट नेताओ को भी देखा जा सकता है। जिनके हाथ में क्षेत्र में कांग्रेस का बागडोर रहता था अब ये सब भाजपा का दामन थामने लगे है। आज जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा ने नेतृत्व में जनपद पंचायत पाटन कई जनपद सदस्य सांसद श्री बघेल से मुलाकात कर उन्हें सांसद निर्वाचित होने पर बधाई भी दिया। बता दे की एक दिन पहले ही दक्षिण पाटन के तीन दिग्गज कांग्रेस नेता और जनप्रतिनिधि भी सांसद बघेल जी को बधाई देने पहुंचे थे। सांसद से मुलाकात करने वालो में जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा, जनपद सद्स्य उत्तरा सोनवानी, रवि सिन्हा, श्रीमती सोनकर, घनश्याम कौशिक, खीलेश यादव, सहित अन्य जनपद सद्स्य के अलावा लवकुश चंद्राकर भी मौजूद रहे।

### गुजरा में मनवा कुर्मी समाज ग्राम इकाई के बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा

**पाटन ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज पाटन राज के अंतर्गत आने वाले गुजरा के स्वजातियो का बैठक आयोजित किया गया जहा समाज को संगठित कर समाज को सशक्त करने अपनी बाते रखते हुए कहा की कई स्वजातीय आज भी केंद्र से पारित नियमो का उलंघन कर मृत्यु भोज में कलेवा परोसना या फिर शादी ब्याह में डी जे बजाना बंद नही किए है पूर्व ग्राम प्रमुख सालिक वर्मा ने गांव में कुर्मी सामुदायिक भवन नही होने की बात कहा जिसका सभी स्वजातियों ने समर्थन करते हुए कहा की हमने पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद के पास कुर्मी सामुदायिक भवन की मांग रख चुके है लेकिन अभी तक हमारा ये मांग अधूरा है स्थानीय बैठक में ग्राम प्रमुख के अलावा अन्य पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से चयन किया गया जिसमे ग्राम प्रमुख उग्रसेन वर्मा उपाध्यक्ष गणेश राम वर्मा सचिव देवनारायण वर्मा सहसचिव लोकेश वर्मा शामिल है राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा की हमे कड़ाई से केंद्र से पारित नियमो का पालन करना होगा अब कोई स्वजातीय जानबूझकर नियमो का उलंघन करता है तो उसके विरुद्ध समाजिक नियमो के तहत कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा अब सभी प्रकरण स्थानीय बैठक में ही संपन्न होगा।

### निधनः श्रीमती शांति बाई साहू



**दुर्ग।** भिलाई खुर्सीपार वार्ड 50, जोन 2, सड़क 38, मकान नंबर 1ए निवासी श्रीमती शांति बाई साहू 80 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 जून, मंगलवार को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला साहू संघ भिलाई उपाध्यक्ष मुन्नालाल, पूर्व पार्षद कांता, पूर्व पार्षद सत्यवती, उषा, उमाशंकर, रमाशंकर साहू की माताजी थी।

## यादव गौरव सम्मान से नवाजे हुए दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, यादव समाज दुर्ग का सराहनीय कदम



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** यादव समाज दुर्ग द्वारा दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ संस्कृति खुमरी फुलेरी पहना कर व यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण जी की मूर्ति भेट कर यादव गौरव सम्मान के साथ बधाई दिया गया, 15 जून को दुर्ग नगर विधायक गजेंद्र यादव को जन्मदिन पर यादव ठेठवार समाज द्वारा गोकुल धाम पुलगांव दुर्ग विधायक के द्वारा मे गायों को गुड़ चना घास खिला पूजा अर्चना कर जन्मदिन मानया व शाम को पृथ्वी पैलेश दुर्ग जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम पर मे यादव समाज द्वारा यादव गौरव का सम्मान व शुभकामनायें दी गई आयोजन मे दुर्ग जिला यादव समाज अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव, यादव ठेठवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव,अखिल भारतीय यदुवंशम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश यादव, आशीष यादव, महेश ठेठवार, मनोज यादव, मुकेश यादव, राधेलाल यादव, जनक यादव, होमलाल यादव, संजय यादव, सतीश यादव,भुनेश्वर यादव,शंकर लाल यादव,पार्षद गुड्डू यादव,अनिल यादव,नीरज यादव,दुष्यंत यादव,तिलक यादव, कमलेश यादव, जागेश यादव,मोहन यादव,धन्ना यादव, अनिकेत, सुरेन्द्र, प्रीताम्बर,महावीर यादव, कृष्णा यादव भिलाई नगर अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, युवा अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, जयंत यादव, सूर्यकांत यादव,राजा यादव, मोहन यादव, ऋषि यादव, यशवंत यादव, अन्य यादव समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुवे व सम्मान किया गया ।।

# वोमेनिटी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा वोमेनिटी के सहयोग से हॉटल सिटी रेजेंसी में महिला मुखियाओं का आजीविका पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।कार्यशाला की शुरुआत करते हुये संस्था सचिव लता नेताम द्वारा बताया गया की हम संगवारी महिला मंच के दीदियों के साथ खेती और वनोपज के रूप में आजीविका करते आ रहे हैं,लेकिन हम खेती को भी उन्नत कैसे बनाए और अपने आय को कैसे बढ़ाएं तकनीकी कृषि को कैसे अपनाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया।अलग अलग फसल जिससे हमारी आय में वृद्धि हो सके पशुपालन पालन और शासकीय योजनाओं से आजीविका की शुरुवात कर सकते है जिससे की महिलाए भी समाज में सशक्त बन सके।और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर प्रगति कर सके उनके बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके । इसके बाद विहान समूह एनआरएलएम से आए जुब्रियल जान ने बताया की आजीविका क्या है,आजीविका का साधन क्या क्या है,कृषि सबंधित आजीविका और गैर कृषि सबंधित आजीविका क्या है कृषि सबंधित आजीविका में आप कृषि को उन्नत बीज,उर्वरक और अन्य फसल जिससे ज्यादा से ज्यादा आय बढ़े इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

गैर कृषि आजीविका के बारे में बताया की लीज्जत कंपनी अपनी ब्रांड से पापड़ और बड़ी बेच रहे है जिसे सभी लोग खरीदते है उसी प्रकार से रखिया से बड़ी बनाकर ब्रांडिंग के साथ बेचा जा सकता है।इस प्रकार की आजीविका को शुरू कर अपनी आय बढ़ाए और एक नया ब्रांड के रूप में गरियाबंद जिला का अलग पहचान बनाए इसके बाद जान ने बताया की किसी भी आजीविका को शुरू करने से पहले हमे उसकी गतिविधि क्या हो सकती रणनीति बनाकर कर शुरू करना चाहिए।

एलईडी बल्ब हो या जीमीकांदा का अचार, अगरबत्ती, पापड़, ये सब गैर कृषि आजीविका का स्रोत हो सकता है।बाजार में जिस वस्तु की ज्यादा मांग हो उसे लेकर आजीविका के रूप में शुरू करना चाहिए।और भी कई प्रकार के आजीविका है जिसे हम सभी महिलाए अपने समूह के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर शुरू कर अपने आय में बड़ोतरी कर सकते है।संगवारी महिला मंच के दीदियों द्वारा आजीविका पर अपना अपना विचार रखा गया।जिसमे संगवारी महिला मंच से 30 गांव की महिला मुखिया गणेशी,गोमती,बद्रिका,जमुना,सावित्री, अनेशी,बिंदा बाई, बासन बाई,लालमती,कमलेश्वरी,दुखीया,हिरमनी,राधा उर्मिला,धीरजा बाई, भूमिका, सेवती,मानकुवर,भागबत्त, आसबाई शामिल रही।

# शिवमहापुराण में प्रमुख योगदान देने वाले अधिकारियों सहित सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान

### आयोजक दुर्ग जिला पंचायत के सभापति मोनू साहू ने भेंट किए स्मृति चिन्ह

**पाटन ( समय दर्शन )।** अमलेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की आयोजित शिवमहापुराण में प्रमुख रूप से योगदान देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मान का दौर जारी है। आयोजक व यजमान दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने ऐसे अधिकारियों, समाजसेवी सगंठन, महिला संगठन, धार्मिक संगठन और स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।।





#### साफ-सफाई में इनकी रही भूमिका सराहनीय

शिवमहापुराण समापन के बाद कथा स्थल में कचरे का अंबार मिला। लाखों शिवभक्तों के जाने के बाद कथा स्थल को फिर से पहले जैसा करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस कार्य को खुद आयोजक मोनू साहू ने अंजाम देने मैदान में उतरे। उनके सहयोगी के रूप में सोनू साहू, धर्मेंद साहू, राजा चंद्राकर, दीपक धीवर, थानेश्वर धौवर, जय साहू मनोहर साहू शिव साहू, भवानी साहू मुकेश सोनकर, डीकू सोनकर, दीपक वर्मा व ग्रामीणों ने आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

#### कार्यकर्ता सम्मानित

शिवमहापुराण की सफलता उन मैदानी और कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी है जिन्होंने पूर्ण समर्पण के साथ इस आयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आयोजक मोनू साहू ने सहपाठी मित्र प्रशांत ठाकुर, जय साहू, दीपक वर्मा, दीपक धीवर, सहित महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। पूरे दो महीने की तैयारी में सेवाएं देना शुरू किया था।

#### एसडीएम, एसडीओपी का भी सम्मान कर जताया आभार

शिवमहापुराण को सफल बनाने में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी रही। हजारों पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे।

पांच प्रमुख गेट बनाए गए थे। इन गेटों में पुलिस कर्मियों ने दिन-रात अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा प्रमुख मार्गो की आवाजाही को नियंत्रित व सुगम बनाने में भी यातायात पुलिस कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। अफसरों को प्रतिकात्मक रूप से एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज , एसडीओपी आशीष बंछोर, सीएमओ सतीश यादव आदि को आयोजक दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने खुद जाकर उन्हे सम्मानित किया और उनका आभार माना।

## नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** 1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने जा रहा है तीन नए क्रिमिनल लॉ यानी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। इन सभी धाराओं से संबंधित मामलों को लेकर दिनांक 5 जून 2024 एवं 16 जून 2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जीपी नारायण कनौजे, सीनियर एडीपीओ निखिल शुसमुकर, एफएसएल दुर्ग से आये शशांक द्विवेदी, आईरेड डिस्टिक मैनेजर अरूण सोनी, राजनांदगांव सीसीटीएनएस से प्रधान आरक्षक हिरेन्द्र साहू, डीसीआरबी शाखा फिंगर प्रिंट से आरक्षक कमलजीत सिंह, सायबर सेल से सउनि सुमन कर्ष, आरक्षक हेमंत साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पुलिस को सशक्त करने के लिये प्रक्रियाओं में लाये गये सुदृढ़ता को बताया गया, जिसके तहत एफआईआर से लेकर ऑनलाईन शिकायत जांच, गिरफ्तारी अन्य प्रक्रियाओं को भी बताया गया। भारतीय संहिता में हुये मूल परिर्वतन को बताते हुये कहा कि भारतीय न्याय संहिता सभी वर्गो के लिये न्याय सुनिश्चित करेगी, जिसमें नवीन अपराध, झपटमारी, देशद्रोह, संगठित अपराध जैसे विभिन्न अपराधों को समावेश पर प्रकाश डाला और पहली बार किसी अपराध में सामुदायिक सेवाओं को न्याय में शामिल करने पर किया जाना बताया गया।

## तर्रा के मछली मार्केट में चला लात घूंसा, जमकर हुई मारपीट, मछली बेचने के पैसे को लेकर विवाद शुरू हुई, पाटन थाना में मामला दर्ज

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम तर्रा में रविवार को मछली मार्केट में जमकर मारपीट हुआ। मछली बेचने आए एक युवक को आमा पेंड्री से से एक व्यक्ति ने लात घुसा से पिटाई किया। मछली काटने के औजार को लेकर युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ाया भी। मारपीट शांत करने आए युवक के भाई से भी मारपीट किया है। पाटन थाना में मामला दर्ज किया का चुका है। जानकारी के मुताबिक उतई थाना क्षेत्र के ग्राम ढौर में रहने वाले विजय कुमार सपहा 36 साल अपने छोटे भाई लिलेश्वर सपहा के साथ रविवार 16 जून को तर्रा के साप्ताहिक बाजार में मछली बेचने के लिए गया था। तर्रा बाजार में मछली पसरा में मछली रखा था तभी यशवंत धीवर पिता गणेश धीवर ग्राम आमापेन्ड्री वहा पर पहुंचे। कुछ दिन पहले मछली बिक्री करने के लिए दिया था। जिसका पैसा नहीं दिये हो बोला तब आवेदक ने कहा की तुम्हारे मछली बिक्री का पैसा 200 रूपये दे दिया हूं । धंधा करने दो बाद में हिसाब करूगां बोला तो यशवंत धीवर ने विजय के साथ अश्लील गाली गलौच कर हाथ पैर से मारपीट किया । जब विजय के भाई ने बीच बचाव करने आये तो उसे भी उसके साथी लोग हाथ मुक्का से मारपीट किया।। धक्का मुक्की से पहना हुआ कपडा फट गया । इसके बाद मछली काटने के सामान से मारने के लिए उठाया था ।

## विद्युत तार के चपेट में मृतराठिया की पत्नी को विद्युत विभाग ने दी 4 लाख रुपये की सहायता राशि

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में गत दिवस विद्युत तार के चपेट में मृत श्री हरि नारायण राठिया की पत्नी श्रीमती पवित्रा राठिया को विद्युत विभाग द्वारा चार लाख की सहायता राशि प्रदान की गई है। बिजली विभाग की ओर से कनिष्ठ यंत्री श्रीमती पूजा थवाईत ने यह चेक सौंपा। उल्लेखनीय है गत 14 जून शुक्रवार को दोपहर बिजली खंबे का तार टूटकर गिरने एवं टूटे तार के प्रवाहित करंट के चपेट में आने से बाइक सवार बरकसपाली, तमनार निवासी 32 वर्षीय श्री हरि नारायण राठिया की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### सेलुद चौक में सड़क पर दुकान लगाने से रोज लगती है जाम, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# सेलूद चौक में जाम में फंसे कार को पीछे से हाइवा ने ठोकर मारी, कार का दरवाजा टूटा

बलराम यादव

**पाटन ( समय दर्शन )।** बजरंग चौक दुर्ग पाटन धमतरी के जाने वाले सेलुद चौक पर अक्सर जाम लगी रहती है। इसका कारण यह हैं कि सड़क के दोनो तरफठेला वाले, सब्जी पसरा वाले दुकान लगाते है। दुकान में समान , फल और सब्जी लेने वाले लोग अपनी गाड़ी सड़क पर ही खड़ी कर देते है। यही कारण है की यहां पर हर एक घंटा में जाम की स्थिति देखने को मिलती है। शाम के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है। रविवार को ही जाम में फंसे एक कार को पीछे से आ रही हाइवा ने ठोकर मार दिया। जिससे की कार के गेट टूट गया। जानकारी के मुताबिक सेक्टर 10 रहने वाले महेश कुमार साहू 52 साल जो की क्रस्क में काम करता है। दिनांक 16.06.24 को अपने दोस्त पुनाराम साहू के साथ अपनी मारूती एस्टिलो क्रं छ्त्त 19 छ 0714 को स्वंय चलाते हुये पाटन से वापस अपने घर सेक्टर 10 भिलाई जा रहे थे । सेलूद चौक के पास करीबन 01.15 बजे सेलूद चौक के पास जाम होने से अपने गाडी को रोड के किनारे खडे किया था कि उसी समय पीछे से आ रही हाईवा वाहन क्रं छ्त्त 07 क्क4718 का चालक जो पाटन तरफ से आ रहा था अपने वाहन को काफी तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ड्राईवर साईड को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। जिससे मारूती एस्टिलो कार का ड्राईवर साईड का गेट काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। उतई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



इस चौड़ाई में बन रही सड़क



इस चौड़ाई में बनना है सड़क

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक- दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय-0771-4218364 ईमेल- samay.darshan191@gmail.com, पंजी. क्र. CHHHIN/2011/41517, डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26